दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## फरवरी भाग-1 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. रिवर्स रेपो सामान्यीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं?
    1. इसका मतलब रिवर्स रेपो रेट को कम करने से है।
    2. सामान्यीकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है।
    3. इससे व्यवसायों के लिये नए ऋण उधार लेना महँगा हो जाएगा।

    निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1
    D. 1, 2 और 3

2. 'उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग' (NTD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह संक्रमणों का एक ऐसा समूह है, जो केवल अफ्रीका और एशिया के विकासशील क्षेत्रों में प्रचलित है।
    2. ये रोग विभिन्न प्रकार के रोगजनकों जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोज़ोआ और परजीवी के कारण होते हैं।
    3. विश्व स्तर पर एक काफी छोटी आबादी NTDs से प्रभावित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 3
    C. केवल 2
    D. 1, 2 और 3

3. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
    2. यह मामलों की जाँच के लिये स्वत: कार्रवाई नहीं कर सकता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

4. बम चक्रवातों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    1. यह एक तीव्र मध्य अक्षांशीय चक्रवात है जिसके केंद्र में अत्यधिक उच्च वायुदाब होता है।
    2. गर्मी के मौसम में इनके निर्माण की संभावना कम होती है।
    3. ये आमतौर पर उत्तर-पश्चिमी अटलांटिक और उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर के ऊपर निर्मित होते हैं।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

नोट :

5. हाल ही में चर्चा में रही सेहत पहल (SeHAT Initiative) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय से संबंधित है?

A. रक्षा मंत्रालय

B. परिवार और स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय

C. ग्रामीण विकास मंत्रालय

D. पंचायती राज मंत्रालय

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. होयसल मंदिर में उत्तरी और पश्चिमी भारत की नागर परंपराओं का मज़बूत प्रभाव दिखाई देता हैं।
2. होयसल मंदिर को एक जटिल रूप से डिज़ाइन किये गए तारे के आकार में बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. स्वीडन में आधिकारिक तौर पर लोकपाल संस्थान का उद्घाटन किया गया।
2. लोकतांत्रिक विश्व में लोकपाल प्रणाली वाला स्पेन पहला वृहत देश बन गया है।
3. लोकपाल और लोकायुक्त (जो एक लोकपाल का कार्य करते हैं) शब्द डॉ एल एम सिंघवी द्वारा गढ़े गए थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

8. 'पीएम गतिशक्ति' हाल ही में चर्चा में रही है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सबसे उपयुक्त रूप से इसका वर्णन करता है?

A. अवसंरचना विकास के इंजन

B. पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 'ग्लोबल हब' बनाना

C. 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट का विकास

D. भारत में हाइपरलूप तकनीक का विकास

9. बहुआयामी तटरक्षक बल का खाका निम्नलिखित में से किस समिति द्वारा तैयार किया गया था?

A. रोहिणी समिति

B. कस्तूरीरंगन समिति

C. रुस्तमजी समिति

D. बलवंत समिति

10. 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह यूजीसी अधिनियम, 1956 द्वारा गठित भारत सरकार का एक वैधानिक संगठन है।
2. यह केंद्र और राज्य सरकारों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना अप्रैल 1987 में G-7 देशों द्वारा की गई थी।
2. यह मिसाइल और मानव रहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकने हेतु स्थापित किया गया था।
3. भारत इस समूह का सदस्य है।

उपरोक्त विवरण निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय समूह की व्याख्या करता है?

A. मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था

B. परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह

C. ऑस्ट्रेलिया समूह

D. वासेनार व्यवस्था

12. वर्ष 1924 में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन निम्नलिखित में से किस देश में किया गया था?

A. कनाडा

B. फ्राँस

C. स्वीडन

D. जर्मनी

13. म्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्राफीन दुनिया में सबसे अधिक विद्युत और तापीय प्रवाहकीय सामग्री है।
2. ग्राफीन का तीव्रता के साथ डीएनए अनुक्रमण और दवा वितरण में अनुप्रयोग होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. भारत के संविधान में कौन-सा अनुच्छेद वार्षिक वित्तीय विवरण से संबंधित है?

A. अनुच्छेद 111

B. अनुच्छेद 112

C. अनुच्छेद 123

D. अनुच्छेद 223

15. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों सहित प्रत्येक कर्मचारी के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) की शुरुआत की है।
2. इसे पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा विनियमित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

16. केसर की खेती' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके लिये गर्मियों में 35 या 40 डिग्री सेल्सियस और सर्दियों में लगभग -15 या -20 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान की आवश्यकता होती है।
2. इसके लिये प्रतिवर्ष 1000-1500 मिमी. वर्षा की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 87 के तहत भारत का राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करता है।
2. राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीति का विवरण होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. 'ब्लू इकॉनमी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अवधारणा गुंटर पौली द्वारा पेश की गई थी।
2. यह अवधारणा उच्च उत्पादकता हेतु महासागर विकास रणनीतियों को हरित करने की वकालत करती है।
3. 'डीप ओशन मिशन' ब्लू इकॉनमी की भावना के विरुद्ध होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

19. 'संत रामानुजाचार्य' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. वे एक वैदिक दार्शनिक तथा समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं।
2. वे भक्ति आंदोलन में त्यागराज और कबीर से प्रेरित हुए।
3. वह वेदांत के विशिष्टाद्वैतवाद की उप-शाखा के मुख्य प्रस्तावक हैं।

निम्नलिखित कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये।

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ध्रुवीय कक्षा में एक उपग्रह का पथ पृथ्वी के घूर्णन की दिशा के सापेक्ष होगा।
2. एक भू-तुल्यकालिक उपग्रह ध्रुवों के ऊपर उत्तर से दक्षिण की ओर गुज़रता है और एक पूर्ण चक्कर लगाने में लगभग 90 मिनट का समय लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. हाल ही में चर्चा में रहा 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया जाता है?

A. 2 फरवरी
B. 3 फरवरी
C. 4 फरवरी
D. 5 फरवरी

22. 'चौरी-चौरा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह घटना साइमन कमीशन के भारत आगमन पर हुई।
2. इस घटना के बाद महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन वापस ले लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

23. 'अंत:करण की स्वतंत्रता और धर्म को मानने, आचरण करने व प्रचार करने की स्वतंत्रता के अधिकार' की गारंटी निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में दी गई है?

A. अनुच्छेद 26 (1)
B. अनुच्छेद 28 (1)
C. अनुच्छेद 25 (1)
D. अनुच्छेद 27 (1)

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रामसर स्थल (अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि) के रूप में सूचीबद्ध किया जाना संबंधित प्राधिकरण के लिये उस स्थल की सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है।
2. गुजरात में खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य और यूपी में बखिरा वन्यजीव अभयारण्य को रामसर स्थलों (अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

25. पंचशील समझौते ने किन दो देशों के बीच संबंधों की नींव के रूप में कार्य किया?

A. भारत और चीन

B. भारत और बांग्लादेश

C. भारत और पाकिस्तान

D. चीन और पाकिस्तान

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि किसी सांसद/विधायक को किसी अपराध हेतु दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 वर्ष या उससे अधिक के लिये जेल भेज दिया जाता है, तो वह रिहाई के समय से 6 वर्षों तक चुनाव लड़ने से अयोग्य हो जाएगा।
2. यदि कोई व्यक्ति दोषसिद्धि के बाद जमानत पर है और यदि उसकी अपील निपटान के लिये लंबित है तो भी उसे चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. ढोल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ढोल को 'एशियाई जंगली कुत्ता' के रूप में भी जाना जाता है तथा यह IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय सूची में शामिल है।
2. ढोल केवल भारत और बांग्लादेश में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. ब्लू डॉट नेटवर्क पहल निम्नलिखित में से किन देशों के नेतृत्व वाली एक पहल है?

A. अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया

B. यूएस, जापान और यूके

C. जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया

D. चीन, अमेरिका और जापान

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 82 संसद को प्रत्येक जनगणना के बाद एक परिसीमन अधिनियम बनाने का आदेश देता है।
2. इस परिसीमन अभ्यास में संविधान के अनुसार एससी और एसटी के लिये विधानसभा सीटों का आरक्षण शामिल है।
3. परिसीमन आयोग की नियुक्ति भारत के चुनाव आयोग द्वारा की जाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

30. एनीमिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एनीमिया विटामिन A और विटामिन B12 की कमी से हो सकता है।
2. 6X6X6 रणनीति एनीमिया मुक्त भारत योजना से जुड़ी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. 'वायनाड वन्यजीव अभयारण्य' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का एक अभिन्न अंग है।
2. यह यूनेस्को द्वारा नामित वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में शामिल है।
3. कावेरी नदी इस अभयारण्य से होकर बहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

32. 'ग्रीन बॉण्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ऋण साधन है, जिसके माध्यम से हरित परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु पूंजी जुटाई जाती है।
2. बजट 2022 में 'संप्रभु ग्रीन बॉण्ड' जारी करने की घोषणा की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वन सन, वन वर्ल्ड. वन ग्रिड ग्लोबल इंटरकनेक्टेड सोलर पावर ग्रिड का पहला अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क होगा।
2. इसे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (COP26) में भारत और यूके द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) ईरान और छह देशों (चीन, फ्राँस, जर्मनी, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ) के बीच एक समझौता है। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. कृषि
B. सैन्य युद्धविराम
C. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
D. परमाणु क्षमता

नोट :

35. 'पर्वतमाला योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य केवल सैनिकों की आवाजाही के लिये पहाड़ी क्षेत्रों से संपर्क में सुधार करना है।
2. सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) इस योजना की नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

36. फॉकलैंड द्वीप संबंधी विवाद निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच है ?

A. अमेरिका और क्यूबा
B. यूके और अर्जेंटीना
C. जापान और उत्तर कोरिया
D. रूस और नॉर्वे

37. केंद्रीय मीडिया प्रत्यायन दिशा-निर्देश, 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि कोई पत्रकार देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, तो उसकी मान्यता को निलंबित किया जा सकता है।
2. विदेशी समाचार मीडिया संगठनों के लिये कार्य करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को भी मान्यता दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. हाल ही में समाचारों में रहा फॉकलैंड द्वीप निम्नलिखित में से किस महासागर में स्थित है ?

A. अटलांटिक महासागर
B. आर्कटिक महासागर
C. अंटार्कटिक महासागर
D. प्रशांत महासागर

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नई रोशनी योजना अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं के नेतृत्व विकास हेतु शुरू की गई है।
2. नई मंजिल योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यकों की पारंपरिक कला/शिल्प की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है।
3. उस्ताद योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के स्कूल छोड़ने वाले लोगों को औपचारिक रूप से कुशल बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

60. निम्नलिखित में से कौन-सा/से 'मरीन हीटवेव' का परिणाम है/हैं?

1. प्रवाल विरंजन
2. केल्प वनों का नुकसान
3. महासागरीय अम्लीकरण का उच्च जोखिम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

41. फॉकलैंड द्वीप संबंधी विवाद निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच है?

A. अमेरिका और क्यूबा
B. यूके और अर्जेंटीना
C. जापान और उत्तर कोरिया
D. रूस और नॉर्वे

42. केंद्रीय मीडिया प्रत्यायन दिशा-निर्देश, 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि कोई पत्रकार देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, तो उसकी मान्यता को निलंबित किया जा सकता है।
2. विदेशी समाचार मीडिया संगठनों के लिये कार्य करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को भी मान्यता दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. हाल ही में समाचारों में रहा फॉकलैंड द्वीप निम्नलिखित में से किस महासागर में स्थित है?

A. अटलांटिक महासागर
B. आर्कटिक महासागर
C. अंटार्कटिक महासागर
D. प्रशांत महासागर

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नई रोशनी योजना अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं के नेतृत्व विकास हेतु शुरू की गई है।
2. नई मंजिल योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यकों की पारंपरिक कला/शिल्प की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है।
3. उस्ताद योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के स्कूल छोड़ने वाले लोगों को औपचारिक रूप से कुशल बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

45. निम्नलिखित में से कौन-सा/से 'मरीन हीटवेव' का परिणाम है/हैं?

1. प्रवाल विरंजन
2. केल्प वनों का नुकसान
3. महासागरीय अम्लीकरण का उच्च जोखिम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

46: नाभिकीय संलयन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. अभिक्रिया हेतु संलयन के लिये यूरेनियम/प्लूटोनियम की उपस्थिति की आवश्यकता होती है।
2. संलयन अभिक्रियाएँ द्रव्य अवस्था में संपन्न होती हैं।
3. ट्रिटियम, हाइड्रोजन का एक समस्थानिक, परमाणु संलयन के दौरान उत्पन्न होता है, जब संलयन न्यूट्रॉन लिथियम के साथ फ्यूज़न करते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

47. 'ऑपरेशन आहट' हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है?

A. मानव तस्करी
B. यमन से भारतीय कामगारों की निकासी
C. हिंद महासागर में आपदा राहत अभ्यास
D. अंडमान सागर में सैन्य अभ्यास

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वाष्पशील कार्बनिक अणु (VOCs) कार्बन युक्त रसायन हैं जो केवल वाहनों के उत्सर्जन से निकलते हैं।
2. अधिकांश VOCs कार्सिनोजेनिक हैं।
3. VOCs पार्टिकुलेट मैटर (PM2.5) के निर्माण को भी ट्रिगर कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

49: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है।
2. उत्तर प्रदेश भारत में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के कम-प्रतिनिधित्त्व को संबोधित करना है।
2. विज्ञान ज्योति द्वारा स्कूल स्तर यानी कक्षा IX से ही मेधावी लड़कियों को प्रोत्साहित करने की परिकल्पना की गई है जो पीएचडी स्तर तक जारी रहेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51: न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यवहारिक तौर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर की जाती है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये कॉलेजियम भारत के राष्ट्रपति को सलाह देने हेतु प्रत्यक्ष तौर पर प्रधानमंत्री को सिफारिशें नहीं भेजता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'वन ओशन समिट' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस समिट का आयोजन फ्राँस द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के सहयोग से किया गया था।
2. वन ओशन समिट, 2022 में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता पर उच्च महत्त्वाकांक्षा गठबंधन (BBNJ) शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपकर, करदाता द्वारा अदा किये जाने वाले मूल कर पर लगाया गया एक अतिरिक्त कर होता है।
2. उपकर सरकार के लिये राजस्व का एक स्थायी स्रोत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यपगत का सिद्धांत सबसे पहले लॉर्ड डलहौजी द्वारा लागू किया गया था।
2. व्यपगत के सिद्धांत के तहत सतारा, नागपुर और झांसी को मिला लिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बाजरा पानी या इनपुट-गहन फसल नहीं है।
2. बाजरा ग्लूटेन मुक्त और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला भोजन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फोर्टिफिकेशन का आशय विटामिन और खनिजों को मुख्य खाद्य पदार्थों में शामिल करने से है, ताकि ताकि उनके पोषण स्तर में सुधार किया जा सके।
2. सरकार ने पूरे देश में एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल के वितरण को मंज़ूरी दे दी है।
3. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल का फोर्टिफिकेशन और उसका वितरण एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

57. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **खाद्य उत्पाद** | **फोर्टिफाइड के साथ** |
|---|---|---|
| 1. | चावल | आयरन और विटामिन बी12 |
| 2. | दूध | आयरन और विटामिन ए |
| 3. | नमक | लोहा और आयोडीन |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**नोट :**

58. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है।
2. यह केवल खनन, विनिर्माण और बिजली जैसे व्यापक क्षेत्रों की विकास दर को मापता है।
3. IIP महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा नीति-निर्माण उद्देश्यों के लिये किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

59: अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागरिक समाज का विकास इस रणनीति के फोकस में से एक है।
2. इस रणनीति में भारत के साथ रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देना भी शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. महाराजा सूरजमल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उनकी राजनीतिक समझ, स्थिर बुद्धि और स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण उन्हें 'जाट समुदाय का प्लेटो' कहा जाता था।
2. उन्होंने पानीपत की तीसरी लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन इंद्रधनुष 12 वैक्सीन-निवारक रोगों के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करता है।
2. मिशन इंद्रधनुष की पहचान ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रमुख योजनाओं में से एक के रूप में की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मेदराम जात्रा भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है।
2. यह तेलंगाना का एक राज्य उत्सव है।
3. यह कोया जनजाति द्वारा मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन'- ऑयल पाम (NMEO-OP) योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. भारत में लगभग 50% पाम ऑयल इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

64. लस्सा बुखार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सबसे पहले नाइजीरिया में खोजा गया था।
2. इस बीमारी से जुड़ी मृत्यु दर बहुत कम लगभग 1% है।
3. रिबाविरिन एक एंटीवायरल दवा है जो इस बीमारी के इलाज में कारगर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

65: 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें केवल जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में ही तैनात किया जा सकता है।
2. RISAT-1, मेघा-ट्रॉपिक्स और सरल आदि इसके कुछ उदाहरण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

---

## व्याख्या भाग-1

1. उत्तर: B

व्याख्या:

- इसका मतलब है कि रिवर्स रेपो रेट बढ़ेगा यानी एक या दो चरणों में रिवर्स रेपो रेट को बढ़ाया जाएगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - बढ़ती मुद्रास्फीति के समक्ष दुनिया भर के कई केंद्रीय बैंकों ने या तो ब्याज दरों में वृद्धि की है या संकेत दिया है कि वे जल्द ही ऐसा करेंगे।
    - भारत में भी यह उम्मीद की जा रही है कि RBI रेपो रेट बढ़ाएगा लेकिन उससे पहले उम्मीद की जा रही है कि RBI रिवर्स रेपो रेट बढ़ाएगा और दोनों दरों के बीच के अंतर को कम करेगा।.
- सामान्यीकरण की प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है। अत: कथन 2 सही है।
- हालाँकि यह न केवल अतिरिक्त तरलता को कम करेगा बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में उच्च ब्याज दरों के रूप में उभरकर सामने आएगा।
- इस प्रकार यह उपभोक्ताओं के बीच धन की मांग को कम कर देता है (क्योंकि यह सिर्फ बैंक में पैसा रखने हेतु अधिक उपयुक्त है) और व्यवसायों के लिये नए ऋण उधार लेना महँगा बना देता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

दृष्टि The Vision

2.उत्तर: C

व्याख्या

- NTD संक्रमण का एक समूह है जो अफ्रीका, एशिया और अमेरिका के विकासशील क्षेत्रों में हाशिये पर रहने वाले समुदायों में सबसे सामान्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- NTD विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है, जहाँ लोगों के पास स्वच्छ पानी या मानव अपशिष्ट के निपटान के सुरक्षित तरीकों तक पहुँच नहीं है।
- ये रोग विभिन्न प्रकार के रोगजनकों जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोज़ोआ और परजीवी के कारण होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- NTDs वैश्विक स्तर पर एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित करते हैं।
  - ये रोग रोकथाम योग्य एवं उपचार योग्य हैं। हालाँकि ये रोग और गरीबी एवं पारिस्थितिक तंत्र के साथ इनके जटिल अंतर्संबंध विनाशकारी स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक परिणामों का कारण बने हुए हैं।
  - कुल 20 NTDs हैं, जो दुनिया भर में 1.7 बिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

3.उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना जनवरी 1992 में एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह महिलाओं के लिये कानूनों के गैर-कार्यान्वयन, गैर-प्रवर्तन, नीतिगत निर्णयों का गैर-अनुपालन तथा अधिनियमित दिशा-निर्देशों से संबंधित मामलों की जाँच करने हेतु स्वत: कार्रवाई कर सकता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य उपयुक्त नीति निर्माण और विधायी उपायों के माध्यम से महिलाओं को उनके उचित अधिकारों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाना तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में समानता एवं समान भागीदारी हासिल करने में सक्षम बनाने की दिशा में प्रयास करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

4. उत्तर: C

व्याख्या:

- बम चक्रवात: यह एक एक तीव्र मध्य अक्षांशीय चक्रवात है, इसके केंद्र में निम्न वायुदाब होता है और इसमें खराब मौसम एवं बर्फीले तूफान से लेकर तेज़ आँधी और भारी वर्षा तक मौसम के कई रूप देखने को मिलते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - बम चक्रवात को पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा हाई अलर्ट पर रखा जाता है क्योंकि यह अत्यधिक हानिकारक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है।
- बम चक्रवात की हरिकेन से भिन्नता:
  - 'हरिकेन' (Hurricanes) उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में निर्मित होते हैं और गर्म समुद्रों द्वारा संचालित होते हैं। इस कारण से वे गर्मियों के मौसम में काफी आम होते हैं, क्योंकि इस दौरान समुद्री जल गर्म होता है।
  - बम चक्रवात आमतौर पर ठंड के दौरान देखने को मिलते हैं, क्योंकि ये चक्रवात ठंडी और गर्म हवा के मिलन के कारण बनते हैं।
  - गर्मियों के दौरान आमतौर पर पूरे वातावरण में अधिक ठंडी हवा नहीं होती है; इसका मतलब है कि तब एक बम चक्रवात उत्पन्न होने की संभावना बहुत कम होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - उष्णकटिबंधीय जल में हरिकेन का निर्माण होता है, जबकि बम चक्रवातों का निर्माण उत्तर-पश्चिमी अटलांटिक, उत्तर-पश्चिमी प्रशांत और कभी-कभी भूमध्य सागर के ऊपर होता है। अत: कथन 3 सही है।

5. उत्तर: A

व्याख्या:

- रक्षा मंत्रालय (MoD) ने सर्विसेज़ ई-हेल्थ असिस्टेंस एंड टेलीकंसल्टेशन (SeHAT) नामक एक ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श मंच के माध्यम से सेवानिवृत सैनिकों और सैन्यकर्मियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिये दवाओं की होम डिलीवरी सेवा शुरू की है।
- यह रक्षा मंत्रालय की सेना के तीनों अंगों के लिये एक टेलीकंसल्टेशन सेवा है जिसे सभी पात्र सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों हेतु बनाया गया है।

नोट :

- डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के लिये सरकार की प्रतिबद्धता के तहत रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 27 मई, 2021 को सेहत का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य मरीज़ो को उनके घरों में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।
- सेहत स्टे होम ओपीडी ई-संजीवनी की तर्ज पर सभी नागरिकों के लिये स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा संचालित एक मुफ्त ओपीडी सेवा पर आधारित है। अत: विकल्प A सही है।

6. उत्तर: C

व्याख्या:

- होयसल वास्तुकला 11वीं एवं 14वीं शताब्दी के बीच होयसल साम्राज्य के अंतर्गत विकसित एक वास्तुकला शैली है जो ज़्यादातर दक्षिणी कर्नाटक क्षेत्र में केंद्रित है।
- होयसल मंदिर, हाइब्रिड या बेसर शैली के अंतर्गत आते हैं क्योंकि उनकी अनूठी शैली न तो पूरी तरह से द्रविड़ है और न ही नागर।
    - होयसल मंदिर एक बुनियादी द्रविड़ियन आकृति पर आधारित हैं, लेकिन इस पर मध्य भारत में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली भूमिजा मोड (Bhumija mode), उत्तरी और पश्चिमी भारत की नागर परंपराओं व कल्याणी चालुक्यों द्वारा समर्थित कर्नाटक द्रविड़ मोड के मज़बूत प्रभाव दिखाई देते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- होयसल मंदिरों में खंभे वाले हॉल के साथ एक साधारण आंतरिक कक्ष की बजाय केंद्रीय स्तंभ वाले हॉल के चारों ओर समूह में कई मंदिर शामिल होते हैं और यह संपूर्ण संरचना एक जटिल डिज़ाइन वाले तारे के आकार में होती है। अत: कथन 2 सही है।

7. उत्तर: C

व्याख्या:

लोकपाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:

- वर्ष 1809 में स्वीडन में आधिकारिक तौर पर लोकपाल संस्था का उद्घाटन किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- 20वीं शताब्दी में एक संस्था के रूप में ओम्बड्समैन का विकास हुआ और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इसके विकास में तेज़ी आई।
    - वर्ष 1967 में व्हाईट रिपोर्ट (वर्ष 1961) की सिफारिशों पर ग्रेट ब्रिटेन ने लोकपाल संस्था को अपनाया और इस तरह की प्रणाली रखने वाला लोकतांत्रिक दुनिया का पहला बड़ा राष्ट्र बन गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भारत में संवैधानिक ओम्बड्समैन का विचार सर्वप्रथम वर्ष 1960 के दशक की शुरुआत में कानून मंत्री अशोक कुमार सेन ने संसद में प्रस्तुत किया था।
    - लोकपाल और लोकायुक्त शब्द डॉ. एल.एम. सिंघवी द्वारा गढ़े गए थे। अत: कथन 3 सही है।
    - Ombudsman का कार्य कुछ निश्चित श्रेणी के सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच करना है।

8. उत्तर: A

व्याख्या

- 'पीएम गतिशक्ति' के विषय में:
    - अक्तूबर 2021 में शुरू की गई मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिये 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की समन्वित योजना एवं निष्पादन के उद्देश्य से शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है।
    - 'गतिशक्ति' एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो एकीकृत नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु रेलवे और रोडवेज़ सहित 16 मंत्रालयों की विकास परियोजनाओं को एक साथ लाता है।
    - लॉन्च होने पर 'गतिशक्ति योजना' ने वर्ष 2019 में घोषित 110 लाख करोड़ रुपए की 'राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन' को अपने साथ शामिल कर लिया।
    - इसके दायरे में आर्थिक परिवर्तन के सात इंजन (सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह, जन परिवहन, जलमार्ग और रसद अवसंरचना) शामिल होंगे।
    - इसमें गतिशक्ति मास्टर प्लान के अनुसार, राज्य सरकारों द्वारा विकसित बुनियादी ढाँचा भी शामिल होगा। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

9. उत्तर: C

व्याख्या:

भारतीय तटरक्षक बल:

- यह रक्षा मंत्रालय के तहत कार्यरत एक सशस्त्र बल, खोज और बचाव एवं समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसी है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- ICG के गठन की अवधारणा वर्ष 1971 के युद्ध के बाद अस्तित्व में आई।
- रुस्तमजी समिति द्वारा एक बहु-आयामी तटरक्षक बल के लिये दूरदर्शी खाका तैयार किया गया था।
- प्रभावी कमान एवं नियंत्रण हेतु भारत के समुद्री क्षेत्रों को पाँच तटरक्षक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें उत्तर-पश्चिम, पश्चिम, पूर्व, उत्तर-पूर्व और अंडमान एवं निकोबार शामिल हैं, इनके मुख्यालय क्रमशः गांधीनगर, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और पोर्ट ब्लेयर में स्थित हैं। अत: विकल्प C सही है।

10.उत्तर: C

व्याख्या

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

- यह 28 दिसंबर, 1953 को अस्तित्व में आया, जिसके पश्चात् शिक्षा मंत्रालय के तहत यूजीसी अधिनियम, 1956 द्वारा भारत सरकार का एक वैधानिक संगठन बन गया। अत: कथन 1 सही है।
- UGC के जनादेश में शामिल हैं:
  - विश्वविद्यालयी शिक्षा को बढ़ावा देना एवं समन्वय स्थापित करना।
  - विश्वविद्यालयों में शिक्षण, परीक्षा एवं अनुसंधान के मानकों का निर्धारण।
  - शिक्षा के न्यूनतम मानकों पर नियम बनाना।
  - कॉलेजिएट और विश्वविद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में विकास की निगरानी करना; विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अनुदान वितरित करना।
  - केंद्र एवं राज्य सरकारों और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करना। अत: कथन 2 सही है।
  - विश्वविद्यालय में सुधार हेतु आवश्यक उपायों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों को सलाह देना।

11.उत्तर: A

व्याख्या

मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR):

- यह मिसाइल और मानव रहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकने हेतु 35 देशों के बीच एक अनौपचारिक एवं स्वैच्छिक साझेदारी है, जो 500 किलोग्राम से अधिक पेलोड को 300 किमी. से अधिक दूरी तक ले जाने में सक्षम है।
- उन सदस्यों को ऐसी मिसाइलों और यूएवी प्रणालियों की आपूर्ति करने से रोका जाता है जो गैर-सदस्यों की एमटीसीआर द्वारा नियंत्रित होते हैं।
- ये निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से लिये जाते हैं।
- यह सदस्य देशों का एक गैर-संधि संघ है, जिसमें मिसाइल प्रणालियों हेतु सूचना साझा करने, राष्ट्रीय नियंत्रण कानूनों और निर्यात नीतियों तथा इन मिसाइल प्रणालियों की ऐसी महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को सीमित करने के लिये एक नियम-आधारित विनियमन तंत्र के बारे में कुछ दिशा-निर्देश हैं।
- इसकी स्थापना अप्रैल 1987 में G-7 देशों- यूएसए, यूके, फ्राँस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान द्वारा की गई थी। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

12.उत्तर: B

व्याख्या:

- शीतकालीन ओलंपिक उन खेलों की प्रमुख प्रतियोगिता है जो बर्फ पर खेले जाते हैं।
  - यह प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित की जाती है और इसमें दुनिया भर के प्रतिभागी शामिल होते हैं।
- पहला शीतकालीन ओलंपिक वर्ष 1924 में फ्राँस के शैमॉनिक्स में आयोजित किया गया था।
  - शीतकालीन खेलों को प्रारंभ में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान ही खेला जाता था, वर्ष 1908 के लंदन ओलंपिक में चार स्केटिंग स्पर्द्धाओं की मेज़बानी की गई और वहीं एंटवर्प में 1920 में आयोजित ओलंपिक में स्केटिंग के साथ-साथ आइस हॉकी को भी शामिल किया गया।
  - हालाँकि वर्ष 1924 में शीतकालीन खेलों के लिये एक अलग कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' कहा जाता है।
- दो वर्ष बाद 'शैमॉनिक्स' में 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' को आधिकारिक तौर पर पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के रूप में मान्यता दी गई।
  - शीतकालीन ओलंपिक खेलों का इस वर्ष का संस्करण 4 फरवरी से 20 फरवरी, 2022 तक बीजिंग, चीन में आयोजित किया जाएगा।
  - भारत वर्ष 1964 से शीतकालीन ओलंपिक में भाग ले रहा है। अत: विकल्प B सही है।

13.उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्राफीन एक हेक्सागोनल जालिका में व्यवस्थित कार्बन के एक रूप ग्रेफाइट से बने ग्राफीन अणु की मोटाई वाली सामान्य कार्बन की एक पतली परत होती है। कई आश्चर्यजनक गुणों के साथ ग्राफीन अपने आप में एक उल्लेखनीय पदार्थ है।
  - यह लचीला, पारदर्शी और अविश्वसनीय रूप से मज़बूत होने के साथ-साथ दुनिया में सबसे पतला, सबसे अधिक विद्युत व तापीय प्रवाहकीय सामग्री है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे प्राय: अपने असाधारण विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स गुणों के लिये एक अद्भुत सामग्री के रूप में जाना जाता है, ग्राफीन इंडियम की जगह ले सकता है और इस तरह स्मार्टफोन में OLED (ऑर्गेनिक लाइट-एमिटिंग डायोड) स्क्रीन की लागत को कम कर सकता है।
- ग्राफीन में अतिरिक्त अनुप्रयोगों के लिये बहुत अधिक विकल्प हैं: एंटी-जंग कोटिंग्स और पेंट्स, कुशल एवं सटीक सेंसर, तेज़ और कुशल इलेक्ट्रॉनिक्स, लचीला डिस्प्ले, कुशल सौर पैनल, तेज़ डीएनए अनुक्रमण, दवा वितरण आदि। अत: कथन 2 सही है।

14. उत्तर: B

व्याख्या:

बजट और संवैधानिक प्रावधान:

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, एक वर्ष के केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statement- AFS) कहा जाता है।
- यह एक वित्तीय वर्ष में सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण है (जो चालू वर्ष में 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होता है)।
- बजट में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया जाता है:
  - राजस्व और पूंजी प्राप्तियों का अनुमान।
  - राजस्व बढ़ाने के तरीके और साधन।
  - व्यय अनुमान।
  - पिछले वित्तीय वर्ष की वास्तविक प्राप्तियों और व्यय का विवरण तथा उस वर्ष में किसी भी कमी या अधिशेष का कारण।
  - आने वाले वर्ष की आर्थिक और वित्तीय नीति, अर्थात् कराधान प्रस्ताव तथा नई योजनाओं/परियोजनाओं की शुरुआत। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

15.उत्तर: B

व्याख्या:

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System):

- इस प्रणाली की शुरुआत केंद्र सरकार ने जनवरी 2004 में (सशस्त्र बलों को छोड़कर) की। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसको वर्ष 2018 में सुव्यवस्थित करने तथा अधिक आकर्षक बनाने के लिये केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने हेतु योजना में बदलाव को मंज़ूरी दी।
- NPS को देश में पीएफआरडीए द्वारा कार्यान्वित और विनियमित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- एनपीएस के तहत आने वाली सभी संपत्तियों का पंजीकृत स्वामित्त्व पीएफआरडीए द्वारा स्थापित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट (National Pension System Trust) के पास है।

16. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत में केसर की खेती जून और जुलाई के महीनों के दौरान तथा कुछ स्थानों पर अगस्त एवं सितंबर में की जाती है।
  - इसमें अक्तूबर माह में फूल आना शुरू हो जाता है।
- दशाएँ:
  - ऊँचाई: समुद्र तल से 2000 मीटर की ऊँचाई केसर की खेती के लिये अनुकूल होती है।
  - मृदा: इसे अलग-अलग प्रकार की मृदा में उगाया जा सकता है लेकिन 6 और 8 pH मान वाली Calcareous (वह मिट्टी जिसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट होता है) मिट्टी में केसर का अच्छा उत्पादन होता है।
  - जलवायु: केसर की खेती के लिये एक उपयुक्त गर्मी और सर्दियों वाली जलवायु की आवश्यकता होती है, जिसमें गर्मियों में तापमान 35 या 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक न हो तथा सर्दियों में लगभग 15 डिग्री सेल्सियस रहता हो। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्षा: इसके लिये पर्याप्त वर्षा की आवश्यकता होती है यानी प्रतिवर्ष 1000-1500 मिमी. वर्षा। अत: कथन 2 सही है।

17.उत्तर: C

व्याख्या:

- अनुच्छेद 87 में राष्ट्रपति के लिये विशेष संबोधन का प्रावधान किया गया है।
  - इस अनुच्छेद में प्रावधान है कि लोकसभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र के प्रारंभ में और प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करेगा और संसद को सत्र आहूत करने के कारणों के बारे में सूचित करेगा। अत: कथन 1 सही है।
- इस तरह के संबोधन को 'विशेष संबोधन' कहा जाता है और यह एक वार्षिक विशेषता भी है।
- इस संबोधन के लिये संसद के दोनों सदनों का एक साथ एकत्र होना आवश्यक है।
- राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीति का विवरण होता है और प्राय: इस अभिभाषण का प्रारूप सरकार द्वारा ही तैयार किया जाता है। अत: कथन 2 सही है
  - यह संबोधन पिछले वर्ष के दौरान सरकार की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा प्रस्तुत करता है तथा उन नीतियों, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों को निर्धारित किया जाता है जिन्हें सरकार महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के संबंध में आगे बढ़ाने की इच्छा रखती है।
- यह अभिभाषण व्यापक रूप में उन विधायी कार्यों को भी इंगित करता है, जिन्हें उस विशिष्ट वर्ष में आयोजित होने वाले सत्रों के दौरान लाने का प्रस्ताव किया जाना है।

नोट :

18.उत्तर: A

व्याख्या

- ब्लू इकॉनमी की अवधारणा को बेल्जियम के अर्थशास्त्री गुंटर पौली द्वारा वर्ष 2010 में प्रकाशित उनकी पुस्तक 'द ब्लू इकॉनमी: 10 इयर्स, 100 इनोवेशन्स और 100 मिलियन जॉब्स' में प्रस्तुत किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह अवधारणा आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और नौकरियों के सृजन तथा महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिये महासागरीय संसाधनों का सतत् उपयोग को संदर्भित करती है।
- यह अवधारणा उच्च उत्पादकता हेतु महासागर विकास रणनीतियों को हरित करने की वकालत करती है। अत: कथन 2 सही है।
- ब्लू इकॉनमी सामाजिक समावेश, पर्यावरणीय स्थिरता के साथ महासागरीय अर्थव्यवस्था के विकास के एकीकरण पर ज़ोर देती है, जो कि अभिनव व्यापार मॉडल के साथ संयुक्त है।
- डीप ओशन मिशन को गहरे महासागरों से जीवित एवं निर्जीव संसाधनों का दोहन करने के लिये प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के इरादे से शुरू किया गया था। यह 'ब्लू इकॉनोमी' को बढ़ावा देगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।

19.उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1017 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में जन्मे रामानुजाचार्य एक वैदिक दार्शनिक और समाज सुधारक थे। अत: कथन 1 सही है।
- उन्होंने समानता और सामाजिक न्याय का समर्थन करते हुए पूरे भारत की यात्रा की।
- इन्होंने भक्ति आंदोलन को पुनर्जीवित किया और उनके उपदेशों ने अनेक भक्ति विचारधाराओं को प्रेरित किया। इन्हें अन्नामाचार्य, भक्त रामदास, त्यागराज, कबीर व मीराबाई जैसे कवियों के लिये प्रेरणा माना जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- रामानुजाचार्य वेदांत के विशिष्टाद्वैतवाद की उप-शाखा के मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रसिद्ध हैं। अत: कथन 3 सही है।

20.उत्तर: D

व्याख्या:

- एक ध्रुवीय कक्षा वह कक्षा है जिसमें कोई पिंड या उपग्रह ध्रुवों के ऊपर से उत्तर से दक्षिण की ओर गुज़रता है और एक पूर्ण चक्कर लगाने में लगभग 90 मिनट का समय लेता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

  इन कक्षाओं का झुकाव 90 डिग्री के करीब होता है। यहाँ से उपग्रह द्वारा पृथ्वी के लगभग हर हिस्से को देखा जा सकता है क्योंकि पृथ्वी इसके नीचे घूमती है।
  - इन उपग्रहों के कई अनुप्रयोग हैं जैसे- फसलों की निगरानी, वैश्विक सुरक्षा, समताप मंडल में ओज़ोन सांद्रता को मापना या वातावरण में तापमान को मापना।
  - एक कक्षा को सूर्य-तुल्यकालिक कहा जाता है क्योकि पृथ्वी के केंद्र और उपग्रह तथा सूर्य को मिलाने वाली रेखा के बीच का कोण संपूर्ण कक्षा में स्थिर रहता है।
- भू-तुल्यकालिक उपग्रहों को उसी दिशा में कक्षा में प्रक्षेपित किया जाता है जिस दिशा में पृथ्वी घूम रही है।
  - जब उपग्रह एक विशिष्ट ऊँचाई (पृथ्वी की सतह से लगभग 36,000 किमी.) पर कक्षा में स्थित रहता है, तो वह उसी गति से परिक्रमा करता है जिस पर पृथ्वी घूर्णन कर रही होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - जबकि भूस्थैतिक कक्षा भी भू-तुल्यकालिक कक्षा की श्रेणी में आते हैं, लेकिन इसमें भूमध्य रेखा के ऊपर कक्षा में स्थित रहने का एक विशेष गुण है।
  - भूस्थिर उपग्रहों के मामले में पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल वृत्तीय गति हेतु आवश्यक त्वरण प्रदान करने के लिये पर्याप्त होता है।

21. उत्तर: A

व्याख्या

- विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रतिवर्ष 02 फरवरी, 2022 को दुनिया भर में आयोजित किया जाता है।
- यह दिवस 02 फरवरी, 1971 को ईरानी शहर रामसर में 'आर्द्रभूमि पर कन्वेंशन' को अपनाने की तारीख को चिह्नित करता है।

**नोट :**

- रामसर कन्वेंशन एक अंतर-सरकारी संधि है जो आर्द्रभूमि एवं उनके संसाधनों के संरक्षण तथा उचित उपयोग हेतु राष्ट्रीय कार्रवाई और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये रूपरेखा प्रदान करती है।
- रामसर सूची के अनुसार, सबसे अधिक रामसर स्थलों वाले देश यूनाइटेड किंगडम (175) और मेक्सिको (142) हैं। कन्वेंशन संरक्षण के दृष्टिकोण से बोलीविया का क्षेत्रफल (148,000 वर्ग किमी) सबसे बड़ा है।
- यह दिवस पहली बार वर्ष 1997 में मनाया गया था।
- वर्ष 2022 के लिये इसकी थीम है: 'वेटलैंड एक्शन फॉर पीपल्स एंड नेचर।' अत: विकल्प A सही है।

22.उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने 'चौरी-चौरा' घटना के सौ वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि दी।
- चौरी-चौरा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ज़िले का एक कस्बा है।
- चौरी-चौरा कस्बे में 4 फरवरी को स्वयंसेवकों ने बैठक की और जुलूस निकालने के लिये पास के मुंडेरा बाज़ार को चुना गया।
  - पुलिस ने भीड़ पर गोलियाँ चलाईं जिसमें कुछ लोग मारे गए और कई स्वयंसेवक घायल हो गए।
  - जवाबी कार्रवाई में भीड़ ने थाने में आग लगा दी।
  - कुछ भागने की कोशिश कर रहे पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला गया। हथियारों सहित पुलिस की काफी सारी संपत्ति नष्ट कर दी गई।
  - भारतीय सांविधिक आयोग, जिसे आमतौर पर इसके अध्यक्ष सर जॉन ऑलसेब्रुक साइमन के नाम के कारण साइमन कमीशन के रूप में जाना जाता है, को संभावित संवैधानिक सुधार का अध्ययन करने के लिये वर्ष 1928 (फरवरी-मार्च और अक्तूबर 1928-अप्रैल 1929) में भारत भेजा गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- महात्मा गांधी की प्रतिक्रिया:
  - गांधीजी ने पुलिसकर्मियों की हत्या की निंदा की और आस-पास के गाँवों में स्वयंसेवक समूहों को भंग कर दिया गया। इस घटना पर सहानुभूति जताने तथा प्रायश्चित करने के लिये एक 'चौरी-चौरा सहायता कोष' स्थापित किया गया था।
  - गांधीजी ने असहयोग आंदोलन में हिंसा का प्रवेश देख इसे रोकने का फैसला किया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

23.उत्तर: C

व्याख्या:

- संविधान का अनुच्छेद 25 (1) 'अंत:करण की स्वतंत्रता और धर्म को मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता के अधिकार' की गारंटी देता है।
- यह अधिकार स्वतंत्रता की नकारात्मक अवधारणा की गारंटी देता है- जिसका अर्थ है कि राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि इस स्वतंत्रता का प्रयोग करने में कोई हस्तक्षेप या बाधा उत्पन्न न हो।
  - हालाँकि सभी मौलिक अधिकारों की तरह राज्य सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और अन्य राज्य के हितों के आधार पर अधिकार को प्रतिबंधित कर सकता है।
- इसके निहितार्थ हैं:
  - अंत:करण की स्वतंत्रता: अंत:करण और धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता।
  - धर्म को मानने का अधिकार: अपने धार्मिक विश्वास और आस्था का सार्वजनिक और बिना भय के घोषणा करने का अधिकार।
  - आचरण का अधिकार: धार्मिक पूजा, अनुष्ठान, समारोह और विश्वासों तथा विचारों का प्रदर्शन करने का अधिकार।
  - प्रचार करने का अधिकार: किसी के धार्मिक विश्वासों को दूसरों तक पहुँचाना या प्रसारित करना या किसी के धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या करना। अत: कथन C सही है।

नोट :

24.उत्तर: C

व्याख्या:

- नए रामसर स्थल:
  - विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रतिवर्ष 02 फरवरी, 2022 को दुनिया भर में आयोजित किया जाता है।
  - इस अवसर पर अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC - इसरो का एक प्रमुख केंद्र) द्वारा 'नेशनल वेटलैंड डेकाडल चेंज एटलस' तैयार किया गया था।
  - दो नए रामसर स्थलों (अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि)- गुजरात में खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य और उत्तर प्रदेश में बखिरा वन्यजीव अभयारण्य की भी घोषणा की गई। अत: कथन 2 सही है।
- रामसर सूची:
  - यह एक ISO सर्टिफिकेशन की तरह है। किसी भी स्थल को इस सूची से हटाया भी जा सकता है यदि यह लगातार उनके मानकों को पूरा नहीं करता है। यह उस मूल्यवान वस्तु की तरह है जिसकी एक लागत तो है पर उस लागत का भुगतान तभी किया जा सकता है जब उस वस्तु की ब्रांड वैल्यू हो।
  - रामसर टैग संबंधित प्राधिकरण के लिये उस स्थल की सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है और अतिक्रमण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - पक्षियों की कई प्रजातियाँ प्रवेश के दौरान हिमालय क्षेत्र में जाने से बचना पसंद करती हैं और इसके बजाय गुजरात और राजस्थान के माध्यम से भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करने के लिये अफगानिस्तान व पाकिस्तान से गुज़रने वाले मार्ग का चयन करती हैं। इस प्रकार गुजरात कई अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी प्रजातियों जैसे- बतख, वेडर, प्लोवर, टर्न, गल आदि और शोरबर्ड के साथ-साथ शिकारी पक्षियों का पहला 'लैंडिंग पॉइंट' बन गया है।
  - भारत में आर्द्रभूमि सर्दियों के दौरान प्रवासी पक्षियों के लिये चारागाह और विश्राम स्थल के रूप में कार्य करती है।

25.उत्तर: A

व्याख्या:

पंचशील समझौता:

- पंचशील समझौते ने भारत-चीन संबंधों की नींव के रूप में कार्य किया। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाना है।
- पंचशील समझौते के पाँच सिद्धांत इस प्रकार हैं:
  - सभी देशों द्वारा अन्य देशों के क्षेत्रीय अखंडता और प्रभुसत्ता का सम्मान करना।
  - दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना।
  - दूसरे देश पर आक्रमण न करना।
  - परस्पर सहयोग व लाभ को बढ़ावा देना।
  - शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति का पालन करना।

26. उत्तर: C

व्याख्या:

सांसदों और विधायकों के लिये अयोग्यता:

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में विधायिका का चुनाव लड़ने के लिये किसी व्यक्ति को अयोग्य घोषित करने के मानदंडों का उल्लेख है।
- कोई भी व्यक्ति जो धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारत के नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा देता है या बढ़ावा देने का प्रयास करता है, तो उसे 3 वर्ष के कारावास का दंड दिया जा सकता है।

नोट :

- अधिनियम की धारा 8 (3) में कहा गया है कि यदि कोई सांसद या विधायक किसी अन्य अपराध के लिये दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या उससे अधिक समय के लिये जेल भेजा जाता है, तो वह रिहाई के समय से 6 साल तक चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य हो जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- भले ही कोई व्यक्ति दोषसिद्धि के बाद जमानत पर हो और उसकी अपील निपटान के लिये लंबित हो लेकिन उसे चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य घोषित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

- धारा 8(4) ने दोषी सांसदों, विधायकों और एमएलसी को अपने पदों पर बने रहने की अनुमति दी बशर्ते उन्होंने निचली अदालत द्वारा दिये गए फैसले की तारीख के 3 महीने के भीतर उच्च न्यायालयों में अपनी दोषसिद्धि/सज़ा के खिलाफ अपील दायर की हो।
  - जुलाई 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(4) को रद्द कर दिया और इसे अधिकारातीत घोषित कर दिया और माना कि अयोग्यता दोषसिद्धि की तारीख से होती है।

27.उत्तर: A

व्याख्या:

ढोल

- ढोल (Cuon alpinus) एक जंगली मांसाहारी जानवर है जो कैनिडे परिवार और स्तनधारी वर्ग का सदस्य है।
  - इसे 'एशियाई जंगली कुत्ता' (Asiatic Wild Dog) भी कहा जाता है।
- ऐतिहासिक रूप से ढोल पूरे दक्षिणी रूस, मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया मं पाए जाते हैं।
- हाल के शोध और वर्तमान में प्राप्त मानचित्रों के अनुसार, ढोल अब केवल चीन में सबसे उत्तरी क्षेत्र के साथ दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया तक ही सीमित हैं।
  - ताजिकिस्तान सीमा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर दक्षिणी किर्गिज़स्तान के ओश क्षेत्र में स्थित 'बेक-टोसोट कंज़र्वेंसी' में ढोल की उपस्थिति देखी गई है। यह चीन के झिंजियांग स्वायत्त क्षेत्र की पामीर पर्वत श्रृंखला में स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भारत में ये तीन क्षेत्रों अर्थात् पश्चिमी और पूर्वी घाट, मध्य भारतीय परिदृश्य तथा उत्तर-पूर्व भारत में पाए जाते हैं।
  - एक नए हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत में लुप्तप्राय ढोल के संरक्षण में कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश उच्च स्थान पर हैं।

### ढोल की संरक्षण स्थिति:

- IUCN की रेड लिस्ट में इसे लुप्तप्राय (Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
- वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट II
- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 [Wildlife (Protection) Act] के तहत अनुसूची II में सूचीबद्ध। अत: कथन 1 सही है।

28. उत्तर: A

व्याख्या:

ब्लू डॉट नेटवर्क पहल:

- BDN की औपचारिक घोषणा 4 नवंबर, 2019 को थाईलैंड के बैंकॉक में इंडो-पैसिफिक बिज़नेस फोरम (Indo-Pacific Business Forum) में की गई थी।
- इसका नेतृत्व जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका भी करेगा।
- यह वैश्विक अवसंरचना विकास हेतु उच्च-गुणवत्ता एवं विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने के लिये सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाने की एक बहु-हितधारक पहल है।
- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ-साथ यह विश्व स्तर पर सड़क, बंदरगाह एवं पुलों के लिये मान्यता प्राप्त मूल्यांकन और प्रमाणन प्रणाली के रूप में काम करेगी।
- इसके तहत अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को ऋण, पर्यावरण मानकों, श्रम मानकों आदि के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा।

नोट :

- यह प्रणाली किसी भी लोकतांत्रिक देश की उन परियोजनाओं पर लागू होगी जहाँ नागरिक ऐसी परियोजनाओं का मूल्यांकन करना चाहते हैं। अत: विकल्प A सही है।

29. उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रत्येक जनगणना के बाद भारत की संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद-82 के तहत एक परिसीमन अधिनियम लागू किया जाता है।
- अनुच्छेद 170 के तहत राज्यों को भी प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम के अनुसार क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है।
- एक बार अधिनियम लागू होने के बाद केंद्र सरकार परिसीमन आयोग का गठन करती है।
    - परिसीमन आयोग प्रत्येक जनगणना के बाद संसद द्वारा परिसीमन अधिनियम लागू करने के बाद अनुच्छेद 82 के तहत गठित एक स्वतंत्र निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- परिसीमन अभ्यास (Delimitation Exercise) एक स्वतंत्र उच्च शक्ति वाले पैनल द्वारा किया जाता है जिसे परिसीमन आयोग के रूप में जाना जाता है, जिसके आदेशों में कानून का बल होता है और किसी भी न्यायालय द्वारा इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है।
    - परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और यह भारत निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- निर्वाचन आयोग के अनुसार, किसी देश या एक विधायी निकाय वाले प्रांत में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों (विधानसभा या लोकसभा सीट) की सीमाओं को तय करने या फिर से परिभाषित करने का कार्य परिसीमन है।
- किसी निर्वाचन क्षेत्र के क्षेत्रफल को उसकी जनसंख्या के आकार (पिछली जनगणना) के आधार पर फिर से परिभाषित करने के लिये वर्षों से अभ्यास किया जाता रहा है।
    - एक निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को बदलने के अलावा इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप राज्य में सीटों की संख्या में भी परिवर्तन हो सकता है।
    - संविधान के अनुसार, इसमें अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिये विधानसभा सीटों का आरक्षण भी शामिल है। अत: कथन 2 सही है।

30. उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, प्रजनन आयु वर्ग की वे महिलाएँ जिनका हीमोग्लोबिन का स्तर 12 ग्राम प्रति डेसीलीटर (जी/डीएल) से कम है तथा पाँच साल से कम उम्र के जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन का स्तर 11.0 ग्राम/डीएल से कम है, उन्हें एनीमिक माना जाता है।
    - लौह (Iron) की कमी इसका सबसे सामान्य लक्षण है। इसके साथ ही फोलेट (Folet), विटामिन बी 12 और विटामिन ए की कमी, दीर्घकालिक सूजन व जलन, परजीवी संक्रमण तथा आनुवंशिक विकार भी एनीमिया के कारण हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- एनीमिया मुक्त भारत (Anaemia Mukt Bharat- AMB) रणनीति एक जीवन चक्र दृष्टिकोण पर आधारित है, जो 6X6X6 रणनीति के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक तंत्र प्रदान करती है जिसमें छह लक्षित लाभार्थियों (Six Target Beneficiaries), छह हस्तक्षेप (Six Interventions) तथा रणनीति को लागू करने हेतु सभी हितधारकों के लिये छह संस्थागत तंत्र (Six Institutional Mechanisms) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।

31.उत्तर: B

व्याख्या:

- केरल में स्थित वायनाड वन्यजीव अभयारण्य (WWS) नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का एक अभिन्न अंग है। इसकी स्थापना वर्ष 1973 में हुई थी। अत: कथन 1 सही है।

- नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व यूनेस्को द्वारा नामित वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में शामिल होने वाला भारत का पहला बायोस्फीयर रिज़र्व था (2012 में नामित)। अत: कथन 2 सही है।
- इस रिज़र्व के अंतर्गत आने वाले अन्य वन्यजीव उद्यानों में मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान और साइलेंट वैली शामिल हैं।

- 344.44 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल में फैला हुआ वायनाड वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के नागरहोल और बांदीपुर तथा तमिलनाडु के मुदुमलाई के बाघ अभयारण्यों से सटा हुआ है।
- काबिनी नदी (कावेरी नदी की एक सहायक नदी) इस अभयारण्य से होकर बहती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यहाँ पाए जाने वाले वन प्रकारों में दक्षिण भारतीय नम पर्णपाती वन, पश्चिमी तटीय अर्द्ध-सदाबहार वन और सागौन, नीलगिरि/यूकेलिप्टस तथा ग्रेवेलिया के जंगल शामिल हैं।
- यहाँ हाथी, गौर, बाघ, चीता, सांभर, चित्तीदार हिरण, जंगली सूअर, स्लॉथ बियर, नीलगिरि लंगूर, बोनट मकाक, सामान्य लंगूर, मालाबार विशाल गिलहरी आदि प्रमुख स्तनधारी पाए जाते हैं।

32. उत्तर: C

व्याख्या

- ग्रीन बॉण्ड ऋण प्राप्ति का एक साधन है जिसके माध्यम से ग्रीन 'परियोजनाओं के लिये धन जुटाया जाता है, यह मुख्यत: नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, स्थायी जल प्रबंधन आदि से संबंधित होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - बॉण्ड जो कि आय का एक निश्चित साधन होता है, एक निवेशक द्वारा उधारकर्त्ता (आमतौर पर कॉर्पोरेट या सरकारी) को दिये गए ऋण का प्रतिनिधित्व करता है।
  - पारंपरिक बॉण्ड द्वारा निवेशकों को एक निश्चित ब्याज दर (कूपन) का भुगतान किया जाता है।
- हाल ही में बजट 2022 में वित्त मंत्री ने हरित बुनियादी ढाँचे के लिये संसाधन जुटाने हेतु संप्रभु ग्रीन बॉण्ड जारी करने का प्रस्ताव किया है। अत: कथन 2 सही है।
  - इसके माध्यम से प्राप्त आय को सार्वजनिक क्षेत्र की ऐसी परियोजनाओं में निवेश किया जाएगा, जो अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को कम करने में मदद करती हैं।
  - यह घोषणा वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

33.उत्तर: C

व्याख्या

'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' (OSOWOG)

- यह वैश्विक इंटरकनेक्टेड सौर ऊर्जा ग्रिड का पहला अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क होगा जो सभी के लिये स्वच्छ ऊर्जा की विश्वसनीय, लचीली और सस्ती आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा स्टेशनों, पवन फार्मों और रूफटॉप सौर एवं सामुदायिक ग्रिड के साथ ग्रिड को जोड़ता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत और ब्रिटेन ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (COP26) में 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' (OSOWOG) लॉन्च किया। अत: कथन 2 सही है।
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' की अवधारणा 'द सन नेवर सेट्स' यानी 'सूरज कभी अस्त नहीं होता' और यह किसी भी भौगोलिक स्थान पर, विश्व स्तर पर, किसी भी समय स्थिर रहता है, के विचार पर ज़ोर देती है।
- यह अब तक किसी भी देश द्वारा शुरू की गई सबसे महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और आर्थिक लाभ साझा करने के मामले में इसका वैश्विक महत्त्व है।
- इसे विश्व बैंक के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के तहत शुरू किया गया है।
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' योजना भारत द्वारा सह-स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का भी लाभ उठा सकती है, जिसमें वर्तमान में तकरीबन 80 देश शामिल हैं।

34. उत्तर: D

व्याख्या

संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना (JCPOA)

- JCPOA ईरान और P5+1 देशों (चीन, फ्राँस, जर्मनी, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ) के बीच वर्ष 2013-2015 के दौरान चली लंबी बातचीत का परिणाम था।
- यह ओमान की मध्यस्थता के साथ अमेरिका (राष्ट्रपति बराक ओबामा के तहत) और ईरान के बीच आयोजित बैक चैनल वार्ताओं के कारण संभव हो सका, ये वार्ताएँ वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उत्पन्न स्थिति में पुन: विश्वास बहाली के प्रयासों का हिस्सा थीं।
  - इस्लामिक क्रांति, जिसे ईरानी क्रांति भी कहा जाता है, वर्ष 1978-79 के दौरान ईरान में एक लोकप्रिय विद्रोह था, जिसके परिणामस्वरूप 11 फरवरी, 1979 को राजशाही का पतन हुआ और एक इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई।
- समझौते के हिस्से के रूप में ईरान अपने परमाणु सेंट्रीफ्यूज़ की संख्या को दो-तिहाई कम करने पर सहमत हुआ।
  - ईरान समृद्ध यूरेनियम के अपने भंडार को 98% तक कम करने और यूरेनियम संवर्द्धन को 3.67% तक सीमित करने के लिये सहमत हुआ, यानी वह परमाणु बम नहीं बना सकता, जबकि देश की ऊर्जा ज़रूरतों को बनाए रखने के लिये उसके पास पर्याप्त समृद्ध यूरेनियम होगा।
- इस समझौते का उद्देश्य ईरान के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध हटाने के बदले में परमाणु हथियार विकसित करने की ईरान की क्षमता को प्रतिबंधित करना था।
- JCPOA ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रतिबंधों के साथ-साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित बहुपक्षीय और राष्ट्रीय प्रतिबंधों को व्यापक रूप से हटा दिया।
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के निरीक्षकों को नियमित आधार पर निरीक्षण के लिये ईरान की परमाणु सुविधाओं तक पहुँच प्रदान की गई थी।

35. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में पहाड़ी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिये राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- "पर्वतमाला" की घोषणा की है।
- यह पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यात्रियों हेतु कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधा में सुधार करने से संबंधित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें भीड़-भाड़ वाले उन शहरी क्षेत्रों को भी शामिल किया जा सकता है, जहाँ पारंपरिक जन परिवहन प्रणाली संभव नहीं है।
- यह योजना वर्तमान में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में शुरू की जा रही है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के पास इस क्षेत्र में रोपवे और वैकल्पिक गतिशीलता समाधान प्रौद्योगिकी के साथ-साथ निर्माण, अनुसंधान एवं नीति के विकास की ज़िम्मेदारी होगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

36.उत्तर: B

व्याख्या:

- फॉकलैंड को पहली बार अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1765 में बसाया गया था, लेकिन उन्हें वर्ष 1770 में स्पेन द्वारा खदेड़ दिया गया था, जिन्होंने 1767 के आसपास फ्राँसीसी बस्ती को खरीद लिया था।
- युद्ध की धमकी के बाद वर्ष 1771 में वेस्ट फॉकलैंड पर ब्रिटिश चौकी को बहाल कर दिया गया था, लेकिन फिर फॉकलैंड पर अपना दावा किये बिना आर्थिक कारणों से ब्रिटिश वर्ष 1774 में द्वीप से हट गए।
- स्पेन ने वर्ष 1811 तक पूर्वी फॉकलैंड (जिसे सोलेदाद द्वीप भी कहा जाता है) को लेकर एक समझौता किया।
- वर्ष 1820 में अर्जेंटीना सरकार, जिसने वर्ष 1816 में स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी, ने फॉकलैंड पर अपनी संप्रभुता की घोषणा की।

- वर्ष 1831 में अमेरिकी युद्धपोत ने पूर्वी फॉकलैंड पर अर्जेंटीना की बस्ती को नष्ट कर दिया, जो इस क्षेत्र में सील का शिकार करते थे।
- वर्ष 1833 की शुरुआत में एक ब्रिटिश सेना ने बिना गोली चलाए अर्जेंटीना के अधिकारियों को द्वीप से निष्कासित कर दिया। वर्ष 1841 में फॉकलैंड में एक ब्रिटिश नागरिक को लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया और वर्ष 1885 तक इन द्वीपों पर लगभग 1,800 लोगों का एक ब्रिटिश समुदाय बस गया।
- अर्जेंटीना ने द्वीपों पर ब्रिटेन के कब्ज़े का लगातार विरोध किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध (1939-45) के बाद फॉकलैंड द्वीपों पर संप्रभुता का मुद्दा तब संयुक्त राष्ट्र (UN) में स्थानांतरित हो गया, जब वर्ष 1964 में द्वीपों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र समिति द्वारा उपनिवेशवाद पर बहस शुरू की गई थी।
- वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान खोजने हेतु ब्रिटेन और अर्जेंटीना को विचार-विमर्श के लिये आमंत्रित करने हेतु एक प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- इस मुद्दे पर फरवरी 1982 में चर्चा चल ही रही थी की अप्रैल में अर्जेंटीना की सैन्य सरकार ने फॉकलैंड पर आक्रमण कर दिया।
- इस कार्रवाई के कारण फॉकलैंड द्वीप में युद्ध शुरू हो गया जो 10 सप्ताह बाद स्टेनली में अर्जेंटीना की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ।
- हालाँकि ब्रिटेन और अर्जेंटीना ने वर्ष 1990 में पूर्ण राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित किया, लेकिन दोनों देशों के मध्य संप्रभुता का मुद्दा विवाद का विषय बना रहा। अत: विकल्प B सही है।

37.उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मीडिया प्रत्यायन दिशा-निर्देश-2022 जारी किये गए हैं।
- प्रत्यायन वापस लेने/निलंबित करने से संबंधित प्रावधान:
  - यदि कोई पत्रकार देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था के लिये गलत तरीके से कार्य करता है या उस पर गंभीर संज्ञेय अपराध का आरोप है। अत: कथन 1 सही है।
  - यदि उसका कार्य शालीनता या नैतिकता के प्रतिकूल है या अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध हेतु उकसाने से संबंधित है।
    - मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक/सोशल मीडिया प्रोफाइल, विज़िटिंग कार्ड्स, लेटर हेड्स या किसी अन्य फॉर्म या किसी भी प्रकाशित सामग्री पर "भारत सरकार से मान्यता प्राप्त" शब्द का उपयोग करने से प्रतिबंधित करना।
- प्रत्यायन प्रदान करने से संबंधित प्रावधान:
  - प्रत्यायन केवल दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के पत्रकारों के लिये ही उपलब्ध है जिसकी कई श्रेणियाँ हैं।
  - एक पत्रकार को पूर्णकालिक पत्रकार या समाचार संगठन में एक कैमरापर्सन के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का पेशेवर अनुभव होना चाहिये या पात्र बनने के लिये फ्रीलांसर के रूप में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिये।
    - 30 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले और 65 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध पत्रकार भी पात्र हैं।
  - एक समाचार पत्र या पत्रिका के लिये न्यूनतम दैनिक संचलन 10,000 होना चाहिये और समाचार एजेंसियों के पास कम-से-कम 100 ग्राहक होने चाहिये। विदेशी समाचार संगठनों और विदेशी पत्रकारों पर भी इसी तरह के नियम लागू होते हैं।
  - डिजिटल समाचार प्लेटफॉर्मों के साथ काम करने वाले पत्रकार भी पात्र हैं, बशर्ते वेबसाइट पर प्रतिमाह न्यूनतम 10 लाख विशिष्ट विज़िटर होने चाहिये।
  - विदेशी समाचार मीडिया संगठनों के लिये काम करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को कोई मान्यता नहीं दी जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

38. उत्तर: A

व्याख्या:

- फॉकलैंड द्वीप समूह, जिसे माल्विनास द्वीप या स्पेनिश इस्लास माल्विनास भी कहा जाता है, दक्षिण अटलांटिक महासागर में यूनाइटेड किंगडम का आंतरिक स्वशासी समुद्रपारीय क्षेत्र है।
- यह दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे से लगभग 300 मील उत्तर पूर्व में और मैगलन जलडमरूमध्य के पूर्व में स्थित है।
- पूर्वी फॉकलैंड पर राजधानी और प्रमुख शहर स्टेनली स्थित है, यहाँ कई बिखरी हुई छोटी बस्तियाँ और साथ ही एक रॉयल एयरफोर्स बेस भी है जो माउंट प्लेजेंट में स्थित है।
- फॉकलैंड द्वीप दो मुख्य द्वीप ईस्ट फॉकलैंड और वेस्ट फॉकलैंड एवं लगभग 200 छोटे द्वीपों का हिस्सा है। फॉकलैंड द्वीप समूह की सरकार दक्षिण जॉर्जिया और दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह के ब्रिटिश समुद्रपारीय क्षेत्र का भी संचालन करती है, जिसमें शैग और क्लर्क चट्टानें शामिल हैं। अत: विकल्प A सही है।

39.उत्तर: A

व्याख्या:

- नई रोशनी- अल्पसंख्यक महिलाओं के लिये एक नेतृत्व विकास कार्यक्रम है जो 18 से 65 वर्ष की आयु वर्ग केअल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2012-13 में की गई थी।
    - इस योजना का उद्देश्य सभी स्तरों पर सरकारी प्रणालियों, बैंकों और अन्य संस्थानों के साथ बातचीत करने हेतु ज्ञान, उपकरण और तकनीक प्रदान कर अल्पसंख्यक महिलाओं, उनके पड़ोसियों सहित, एक ही गाँव/इलाकों में रहने वाले अन्य समुदायों के बीच विश्वास उत्पन्न करना है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह पूरे देश में गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाजों और सरकारी संस्थानों की मदद से चलाई जाती है।
- 'नई मंजिल' योजना का उद्देश्य 17-35 वर्ष की आयु के छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित युवाओं (पुरुषों और महिलाओं दोनों) को लाभान्वित करना है, जिनके पास औपचारिक स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र नहीं है, यानी स्कूल छोड़ने वालों की श्रेणी में आने वाले लोगों ने मदरसों जैसे सामुदायिक शिक्षा संस्थानों में शिक्षा प्राप्त की। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उस्ताद (विकास के लिये पारंपरिक कला/शिल्प में कौशल और प्रशिक्षण का उन्नयन): इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यकों की पारंपरिक कला/शिल्प की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

60.उत्तर: D

व्याख्या

- समुद्री हीटवेव की घटना समुद्र में उच्च तापमान के साथ अत्यधिक अवधि के लिये होती है।
- ये घटनाएँ प्रवाल विरंजन, समुद्री घास के विनाश और केल्प वनों के नुकसान से जुड़ी हुई हैं, जो मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।
    - अध्ययन से पता चला है कि मई 2020 में तमिलनाडु तट के पास मन्नार की खाड़ी में 85% प्रवाल मरीन हीटवेव के बाद प्रक्षालित हो गए।
- मरीन हीटवेव के सामान्य कारकों में समुद्री धाराएँ शामिल हैं जो गर्म जल और समुद्र में ऊष्मा प्रवाह के क्षेत्रों का निर्माण या वातावरण को समुद्र की सतह के माध्यम से गर्म कर सकती हैं।

मरीन हीटवेव्स के प्रभाव:

- पारिस्थितिकी तंत्र संरचना को प्रभावित करना: मरीन हीटवेव्स कुछ प्रजातियों का समर्थन करके और दूसरों को दबाकर पारिस्थितिकी तंत्र की संरचना को प्रभावित करती हैं।
- कुछ प्रजातियों के निवास स्थान को परिवर्तित करना: मरीन हीटवेव्स कुछ प्रजातियों के निवास स्थान को बदल सकती हैं।
- आर्थिक हानि: मरीन हीटवेव्स मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर प्रभाव के माध्यम से आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती हैं।
- जैव विविधता पर प्रभाव: मरीन हीटवेव्स से जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।
        - वर्ष 2016 में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में समुद्री हीटवेव ग्रेट बैरियर रीफ के गंभीर विरंजन का कारण बनी।

नोट :

- ऑक्सीकरण और अम्लीकरण का जोखिम: ऐसे मामलों में मरीन हीटवेव्स से न केवल आवासों की क्षति होती है, बल्कि डीऑक्सीजनेशन और अम्लीकरण का जोखिम भी बढ़ता है। अत: विकल्प D सही है।

41. उत्तर: B

व्याख्या:

- फॉकलैंड को पहली बार अंग्रेज़ों द्वारा वर्ष 1765 में बसाया गया था, लेकिन उन्हें वर्ष 1770 में स्पेन द्वारा खदेड़ दिया गया था, जिन्होंने 1767 के आसपास फ्राँसीसी बस्ती को खरीद लिया था।
- युद्ध की धमकी के बाद वर्ष 1771 में वेस्ट फॉकलैंड पर ब्रिटिश चौकी को बहाल कर दिया गया था, लेकिन फिर फॉकलैंड पर अपना दावा किये बिना आर्थिक कारणों से ब्रिटिश वर्ष 1774 में द्वीप से हट गए।
- स्पेन ने वर्ष 1811 तक पूर्वी फॉकलैंड (जिसे सोलेदाद द्वीप भी कहा जाता है) को लेकर एक समझौता किया।
- वर्ष 1820 में अर्जेंटीना सरकार, जिसने वर्ष 1816 में स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी, ने फॉकलैंड पर अपनी संप्रभुता की घोषणा की।
- वर्ष 1831 में अमेरिकी युद्धपोत ने पूर्वी फॉकलैंड पर अर्जेंटीना की बस्ती को नष्ट कर दिया, जो इस क्षेत्र में सील का शिकार करते थे।
- वर्ष 1833 की शुरुआत में एक ब्रिटिश सेना ने बिना गोली चलाए अर्जेंटीना के अधिकारियों को द्वीप से निष्कासित कर दिया। वर्ष 1841 में फॉकलैंड में एक ब्रिटिश नागरिक को लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया और वर्ष 1885 तक इन द्वीपों पर लगभग 1,800 लोगों का एक ब्रिटिश समुदाय बस गया।
- अर्जेंटीना ने द्वीपों पर ब्रिटेन के कब्ज़े का लगातार विरोध किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध (1939-45) के बाद फॉकलैंड द्वीपों पर संप्रभुता का मुद्दा तब संयुक्त राष्ट्र (UN) में स्थानांतरित हो गया, जब वर्ष 1964 में द्वीपों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र समिति द्वारा उपनिवेशवाद पर बहस शुरू की गई थी।
- वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान खोजने हेतु ब्रिटेन और अर्जेंटीना को विचार-विमर्श के लिये आमंत्रित करने हेतु एक प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- इस मुद्दे पर फरवरी 1982 में चर्चा चल ही रही थी की अप्रैल में अर्जेंटीना की सैन्य सरकार ने फॉकलैंड पर आक्रमण कर दिया।
- इस कार्रवाई के कारण फॉकलैंड द्वीप में युद्ध शुरू हो गया जो 10 सप्ताह बाद स्टेनली में अर्जेंटीना की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ।
- हालाँकि ब्रिटेन और अर्जेंटीना ने वर्ष 1990 में पूर्ण राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित किया, लेकिन दोनों देशों के मध्य संप्रभुता का मुद्दा विवाद का विषय बना रहा। अत: विकल्प B सही है।

42. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मीडिया प्रत्यायन दिशा-निर्देश-2022 जारी किये गए हैं।
- प्रत्यायन वापस लेने/निलंबित करने से संबंधित प्रावधान:
  - यदि कोई पत्रकार देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था के लिये गलत तरीके से कार्य करता है या उस पर गंभीर संज्ञेय अपराध का आरोप है। अत: कथन 1 सही है।
  - यदि उसका कार्य शालीनता या नैतिकता के प्रतिकूल है या अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध हेतु उकसाने से संबंधित है।
    - मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक/सोशल मीडिया प्रोफाइल, विज़िटिंग कार्ड्स, लेटर हेड्स या किसी अन्य फॉर्म या किसी भी प्रकाशित सामग्री पर "भारत सरकार से मान्यता प्राप्त" शब्द का उपयोग करने से प्रतिबंधित करना।
- प्रत्यायन प्रदान करने से संबंधित प्रावधान:
  - प्रत्यायन केवल दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के पत्रकारों के लिये ही उपलब्ध है जिसकी कई श्रेणियाँ हैं।

- एक पत्रकार को पूर्णकालिक पत्रकार या समाचार संगठन में एक कैमरापर्सन के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का पेशेवर अनुभव होना चाहिये या पात्र बनने के लिये फ्रीलांसर के रूप में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिये।
  - 30 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले और 65 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध पत्रकार भी पात्र हैं।
- एक समाचार पत्र या पत्रिका के लिये न्यूनतम दैनिक संचलन 10,000 होना चाहिये और समाचार एजेंसियों के पास कम-से-कम 100 ग्राहक होने चाहिये। विदेशी समाचार संगठनों और विदेशी पत्रकारों पर भी इसी तरह के नियम लागू होते हैं।
- डिजिटल समाचार प्लेटफॉर्मों के साथ काम करने वाले पत्रकार भी पात्र हैं, बशर्ते वेबसाइट पर प्रतिमाह न्यूनतम 10 लाख विशिष्ट विज़िटर होने चाहिये।
- विदेशी समाचार मीडिया संगठनों के लिये काम करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को कोई मान्यता नहीं दी जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

43. उत्तर: A

व्याख्या:

- फॉकलैंड द्वीप समूह, जिसे माल्विनास द्वीप या स्पेनिश इस्लास माल्विनास भी कहा जाता है, दक्षिण अटलांटिक महासागर में यूनाइटेड किंगडम का आंतरिक स्वशासी समुद्रपारीय क्षेत्र है।
- यह दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे से लगभग 300 मील उत्तर पूर्व में और मैगलन जलडमरूमध्य के पूर्व में स्थित है।
- पूर्वी फॉकलैंड पर राजधानी और प्रमुख शहर स्टेनली स्थित है, यहाँ कई बिखरी हुई छोटी बस्तियाँ और साथ ही एक रॉयल एयरफोर्स बेस भी है जो माउंट प्लेजेंट में स्थित है।
- फॉकलैंड द्वीप दो मुख्य द्वीप ईस्ट फॉकलैंड और वेस्ट फॉकलैंड एवं लगभग 200 छोटे द्वीपों का हिस्सा है। फॉकलैंड द्वीप समूह की सरकार दक्षिण जॉर्जिया और दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह के ब्रिटिश समुद्रपारीय क्षेत्र का भी संचालन करती है, जिसमें शैग और क्लर्क चट्टानें शामिल हैं। अत: विकल्प A सही है।

44. उत्तर: A

व्याख्या:

- नई रोशनी- अल्पसंख्यक महिलाओं के लिये एक नेतृत्व विकास कार्यक्रम है जो 18 से 65 वर्ष की आयु वर्ग केअल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2012-13 में की गई थी।
  - इस योजना का उद्देश्य सभी स्तरों पर सरकारी प्रणालियों, बैंकों और अन्य संस्थानों के साथ बातचीत करने हेतु ज्ञान, उपकरण और तकनीक प्रदान कर अल्पसंख्यक महिलाओं, उनके पड़ोसियों सहित, एक ही गाँव/इलाकों में रहने वाले अन्य समुदायों के बीच विश्वास उत्पन्न करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह पूरे देश में गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाजों और सरकारी संस्थानों की मदद से चलाई जाती है।
- 'नई मंजिल' योजना का उद्देश्य 17-35 वर्ष की आयु के छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित युवाओं (पुरुषों और महिलाओं दोनों) को लाभान्वित करना है, जिनके पास औपचारिक स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र नहीं है, यानी स्कूल छोड़ने वालों की श्रेणी में आने वाले लोगों ने मदरसों जैसे सामुदायिक शिक्षा संस्थानों में शिक्षा प्राप्त की। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उस्ताद (विकास के लिये पारंपरिक कला/शिल्प में कौशल और प्रशिक्षण का उन्नयन): इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यकों की पारंपरिक कला/शिल्प की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

45.उत्तर: D

व्याख्या

- समुद्री हीटवेव की घटना समुद्र में उच्च तापमान के साथ अत्यधिक अवधि के लिये होती है।
- ये घटनाएँ प्रवाल विरंजन, समुद्री घास के विनाश और केल्प वनों के नुकसान से जुड़ी हुई हैं, जो मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।
  - अध्ययन से पता चला है कि मई 2020 में तमिलनाडु तट के पास मन्नार की खाड़ी में 85% प्रवाल मरीन हीटवेव के बाद प्रक्षालित हो गए।

- मरीन हीटवेव के सामान्य कारकों में समुद्री धाराएँ शामिल हैं जो गर्म जल और समुद्र में ऊष्मा प्रवाह के क्षेत्रों का निर्माण या वातावरण को समुद्र की सतह के माध्यम से गर्म कर सकती हैं।

मरीन हीटवेव्स के प्रभाव:

- पारिस्थितिकी तंत्र संरचना को प्रभावित करना: मरीन हीटवेव्स कुछ प्रजातियों का समर्थन करके और दूसरों को दबाकर पारिस्थितिकी तंत्र की संरचना को प्रभावित करती हैं।
- कुछ प्रजातियों के निवास स्थान को परिवर्तित करना: मरीन हीटवेव्स कुछ प्रजातियों के निवास स्थान को बदल सकती हैं।
- आर्थिक हानि: मरीन हीटवेव्स मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर प्रभाव के माध्यम से आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती हैं।
- जैव विविधता पर प्रभाव: मरीन हीटवेव्स से जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।
    - वर्ष 2016 में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में समुद्री हीटवेव ग्रेट बैरियर रीफ के गंभीर विरंजन का कारण बनी।
- ऑक्सीकरण और अम्लीकरण का जोखिम: ऐसे मामलों में मरीन हीटवेव्स से न केवल आवासों की क्षति होती है, बल्कि डीऑक्सीजनेशन और अम्लीकरण का जोखिम भी बढ़ता है। अत: विकल्प D सही है।

46:उत्तर: C

व्याख्या

- नाभिकीय संलयन को कई छोटे नाभिकों के एक बड़े नाभिक में संयोजन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसके बाद बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।
    - यह विखंडन की विपरीत प्रतिक्रिया है जिसमें भारी आइसोटोप विभाजित होते हैं।
- संलयन अभिक्रियाएँ प्लाज़्मा नामक पदार्थ की अवस्था में होती हैं। प्लाज़्मा एक गर्म, आवेशित गैस है जो सकारात्मक आयनों और मुक्त गति वाले इलेक्ट्रॉनों से बनी होती है जिसमें ठोस, तरल एवं गैसों से अलग अद्वितीय गुण होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - उच्च तापमान पर इलेक्ट्रॉन परमाणु के नाभिक से अलग हो जाते हैं और प्लाज़्मा या पदार्थ की आयनित अवस्था बन जाते हैं। प्लाज़्मा को पदार्थ की चौथी अवस्था के रूप में भी जाना जाता है।

नाभिकीय संलयन के लाभ:

- प्रचुर मात्रा में ऊर्जा: नियंत्रित तरीके से परमाणुओं को एक साथ मिलाने से कोयले, तेल या गैस के जलने जैसी रासायनिक प्रतिक्रिया की तुलना में लगभग चार मिलियन गुना अधिक ऊर्जा और नाभिकीय विखंडन प्रतिक्रियाओं (समान द्रव्यमान पर) की तुलना में चार गुना अधिक ऊर्जा उत्सर्जित होती है।
    - संलयन की क्रिया में शहरों और उद्योगों को बिजली प्रदान करने हेतु आवश्यक बेसलोड ऊर्जा (Baseload Energy) प्रदान करने की क्षमता है।
- स्थिरता: संलयन आधारित ईंधन व्यापक रूप से उपलब्ध है और लगभग विखंडनीय है। ड्यूटेरियम को सभी प्रकार के जल से डिस्टिल्ड किया जा सकता है, जबकि फ्यूज़न प्रतिक्रिया के दौरान ट्रिटियम का उत्पादन किया जाएगा क्योंकि न्यूट्रॉन लिथियम के साथ फ्यूज़न करते हैं। अत: कथन 3 सही है।
- $CO_2$ का उत्सर्जन नहीं: संलयन की क्रिया से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों जैसे हानिकारक विषाक्त पदार्थों का उत्सर्जन नहीं होता है। इसका प्रमुख सह-उत्पाद हीलियम है जो कि एक अक्रिय और गैर-विषाक्त गैस है।
- लंबे समय तक रहने वाला रेडियोधर्मी कचरे से बचाव: नाभिकीय संलयन रिएक्टर कोई उच्च गतिविधि, लंबे समय तक रहने वाले परमाणु अपशिष्ट का उत्पादन नहीं करते हैं।
- प्रसार का सीमित जोखिम: फ्यूज़न में यूरेनियम और प्लूटोनियम जैसे विखंडनीय पदार्थ उत्पन्न नहीं होते हैं (रेडियोधर्मी ट्रिटियम न तो विखंडनीय है और न ही विखंडनीय सामग्री है)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पिघलने का कोई खतरा नहीं: संलयन के लिये आवश्यक सटीक स्थितियों तक पहुँचना और उन्हें बनाए रखना काफी मुश्किल है तथा यदि संलयन की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी होती है, तो प्लाज़्मा सेकंड के भीतर ठंडा हो जाता है और प्रतिक्रिया बंद हो जाती है।

नोट :

47.उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय रेलवे, जो हर दिन (महामारी से पहले) 23 मिलियन से अधिक यात्रियों को आवागमन की सुविधा प्रदान करती है उन संदिग्धों के लिये सबसे बड़ा, तेज़ और सबसे विश्वसनीय वाहक है, जो बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की तस्करी करते हैं।
- ऑपरेशन आहट (Operation AAHT) के तहत बुनियादी ढाँचे और खुफिया नेटवर्क का उपयोग पीड़ितों, स्रोत, मार्ग, गंतव्य, संदिग्धों द्वारा उपयोग की जाने वाली लोकप्रिय ट्रेनों, वाहकों/एजेंटों, किंगपिन आदि की पहचान करने और अन्य कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के साथ जानकारी साझा करने हेतु सुराग एकत्र करने, उनके मिलान एवं विश्लेषण करने हेतु किया जा सकता है।
- इसके तहत आरपीएफ खतरे को रोकने में स्थानीय पुलिस की सहायता हेतु राज्यों में एक पुल के रूप में कार्य कर सकता है।
- इसके अलावा साइबर सेल द्वारा मानव तस्करी के डिजिटल तरीको की तलाश हेतु वेब/सोशल मीडिया का प्रयोग किया जाएगा, साथ ही नेपाल, बांग्लादेश तथा म्याँमार की सीमा से लगे ज़िलों से आने वाली ट्रेनों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। अत: विकल्प A सही है।

48.उत्तर: C

व्याख्या:

- VOC पेट्रोल और डीज़ल वाहनों द्वारा जारी कार्बन युक्त रसायन हैं। ये वायु गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।
  - हालाँकि VOC की उत्पत्ति प्राकृतिक रूप से भी हो सकती है।
  - पौधे परागणकों को आकर्षित करने, कीटों और शिकारियों से अपनी रक्षा करने तथा पर्यावरणीय तनाव के अनुकूलन के लिये इन रसायनों का उत्सर्जन करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- स्वास्थ्य पर VOC का प्रभाव: VOCs आँखों, नाक और गले में जलन पैदा कर सकते हैं, शरीर के अंगों को नुकसान पहुँचा सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं।
  - लंबे समय तक VOC के संपर्क में रहना ठीक नहीं है क्योंकि अधिकांश VOC कार्सिनोजेनिक (कैंसर पैदा करने वाले) होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - यह अस्थमा और हृदय रोग जैसी चिकित्सीय स्थितियों से भी जुड़ा हुआ है।
  - ब्लैक कार्बन स्वास्थ्य समस्याओं जैसे- श्वसन और हृदय रोग, कैंसर, जन्मजात अक्षमताओं से जुड़ा हुआ है। यह जलवायु परिवर्तन का भी एक कारण है।
- VOCs अन्य खतरनाक प्रदूषकों के निर्माण को प्रेरित कर सकते हैं।
  - उदाहरण के लिये वे ज़मीनी स्तर पर ओज़ोन बनाने के लिये सूर्य के प्रकाश और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के साथ प्रतिक्रिया करते हैं।
  - VOCs पार्टिकुलेट मैटर (PM2.5) के निर्माण को भी बढ़ा सकते हैं, यह एक ऐसा प्रदूषक है जो फेफड़ों में गहराई तक पहुँचता है, जिससे फेफड़ों की सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। अत: कथन 3 सही है।
  - वे वायु में मिलकर प्रतिक्रिया करके द्वितीयक कार्बनिक एरोसोल यानी वायु में निलंबित सूक्ष्म कण हैं।
- मानव द्वारा निर्मित वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs) चिंता के प्रमुख कारण हैं, फिर भी इन पर ध्यान नहीं दिया जाता है।
  - बेंजीन, एक रसायन जो कैंसर को प्रेरित करता है, यह राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों में शामिल एकमात्र VOC है।
  - वायु परिवेशी गुणवत्ता मानकों के तहत अन्य प्रदूषकों में PM10, PM2.5, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, ओज़ोन, अमोनिया, सीसा, निकल और बेंजोपाइरीन शामिल हैं।

49:उत्तर: B

व्याख्या

- भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। पिछले 5 वर्षों में 6.4% (CAGR) की दर के साथ, डेयरी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान करने वाली एकल सबसे बड़ा कृषि उत्पाद है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वित्त वर्ष 2022 में भारतीय डेयरी उद्योग के 9-11% बढ़ने की उम्मीद है। डेयरी क्षेत्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत का योगदान करता है और 8 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे रोज़गार देता है।

नोट :

- शीर्ष 5 दूध उत्पादक राज्य हैं: उत्तर प्रदेश (16.3%, 30.52 MMT), राजस्थान (12.6%, 23.69 MMT), मध्य प्रदेश (8.5%, 15.91 MMT), आंध्र प्रदेश (8%, 15.04 MMT) और गुजरात ( 7.7%, 14.49 MMT)। अत: कथन 2 सही है।

50.उत्तर: C

व्याख्या:

विज्ञान ज्योति कार्यक्रम:

- इसका उद्देश्य देश में विज्ञान-प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के कम-प्रतिनिधित्व को संबोधित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- पहले कदम के रूप में 'विज्ञान ज्योति' को वर्ष 2019-20 में स्कूल स्तर पर शुरू किया गया था, जिसमें कक्षा 9-12 की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा में STEM पाठ्यक्रमों को अपनाने और इसमें कॅरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विज्ञान ज्योति द्वारा स्कूल स्तर यानी कक्षा IX से ही मेधावी लड़कियों को प्रोत्साहित करने की परिकल्पना की गई है जो पीएचडी स्तर तक जारी रहेगा ताकि लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) जैसे उनके कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में कॅरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। अत: कथन 2 सही।
- नवोदय विद्यालय समिति (NVS), शिक्षा मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है जो विज्ञान ज्योति का कार्यान्वयन भागीदार है। NVS का भारत के 600 से अधिक ज़िलों में जवाहर नवोदय विद्यालयों (JNV) का नेटवर्क है।

51: उत्तर: C

व्याख्या:

विभिन्न न्यायिक नियुक्तियों के लिये निर्धारित प्रक्रिया:

- भारत का मुख्य न्यायाधीश (CJI):
  - CJI और सर्वोच्च न्यायालय के अन्य जजों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
  - अगले CJI के संदर्भ में निवर्तमान CJI अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करता है।
  - हालाँकि वर्ष 1970 के दशक के अतिलंघन विवाद के बाद से व्यावहारिक रूप से इसके लिये वरिष्ठता के आधार का पालन किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश:
  - सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों के लिये नामों के चयन का प्रस्ताव CJI द्वारा शुरू किया जाता है।
  - CJI कॉलेजियम के बाकी सदस्यों के साथ-साथ उस उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश से भी परामर्श करता है, जिससे न्यायाधीश पद के लिये अनुशंसित व्यक्ति संबंधित होता है।
  - निर्धारित प्रक्रिया के तहत परामर्शदाताओं को लिखित रूप में अपनी राय दर्ज करानी होती है और इसे फाइल का हिस्सा बनाया जाना चाहिये।
  - इसके पश्चात् कॉलेजियम केंद्रीय कानून मंत्री को अपनी सिफारिश भेजता है, जिसके माध्यम से इसे राष्ट्रपति को सलाह देने हेतु प्रधानमंत्री को भेजा जाता है। अत: कथन 2 सही है।

52.उत्तर: C

व्याख्या:

- वन ओशन समिट का आयोजन फ्राँस द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के सहयोग से फ्राँस के ब्रेस्ट में किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- वन ओशन समिट का लक्ष्य सामुद्रिक मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की महत्त्वाकांक्षा के सामूहिक स्तर को ऊपर उठाना है।
  - सम्मेलन के दौरान अवैध रूप से मछली पकड़ने, शिपिंग को डिकार्बोनाइज़ करने और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने की दिशा में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।
  - उच्च समुद्रों के शासन में सुधार करने और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान के समन्वय के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

- सम्मेलन के दौरान भारत ने फ्राँस की पहल 'राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता पर उच्च महत्त्वाकांक्षा गठबंधन' (High Ambition Coalition on Biodiversity Beyond National Jurisdiction) का समर्थन किया। अत: कथन 2 सही है।
- "BBNJ गठबंधन", जिसे "उच्च समुद्र के शासन के रूप में भी जाना जाता है, वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और टिकाऊ उपयोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।

53: उत्तर: A

व्याख्या:

- उपकर या सेस करदाता द्वारा अदा किये जाने वाले मूल कर (Tax) पर लगाया गया एक अतिरिक्त कर होता है। अत: कथन 1 सही है।
- उपकर मुख्यत: राज्य या केंद्र सरकार द्वारा किसी विशेष उद्देश्य के लिये फंड एकत्रित करने हेतु लागू किया जाता है।
- उपकर सरकार के लिये राजस्व का स्थायी स्रोत नहीं होता है, निर्धारित लक्ष्य या उद्देश्य के पूरा होने के बाद इसे बंद कर दिया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- गौरतलब है कि उपकर को सरकार द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर दोनों पर लागू किया जा सकता है।

54. उत्तर: C

व्याख्या:

व्यपगत का सिद्धांत (Doctrine of Lapse):

- व्यपगत का सिद्धांत पहली बार लॉर्ड डलहौजी ने 1840 के दशक के अंत में लागू किया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य भारत में ब्रिटिश राज्यक्षेत्र का विस्तार करना था। इस सिद्धांत के अनुसार वे राज्य, जिनका कोई उत्तराधिकारी नहीं था उनकी संपूर्ण संपत्ति को ब्रिटिश शासन के अधीन मिला लिया जाता था।
- व्यपगत सिद्धांत के तहत सतारा, नागपुर और झांसी को मिला लिया गया। अत: कथन 2 सही है।

55: उत्तर: C

व्याख्या:

- बाजरा या पोषक अनाज जिसमें ज्वार (Jowar), बाजरा (Bajra) और रागी (Ragi) शामिल हैं, ये खनिजों और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन (B-complex Vitamins) के साथ-साथ प्रोटीन तथा एंटीऑक्सिडेंट (Antioxidants) से भरपूर होते हैं, जो उन्हें बच्चों के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिये एक आदर्श विकल्प बनाता है।
- बाजरे से जुड़े बहुआयामी लाभ पोषण सुरक्षा, खाद्य प्रणाली सुरक्षा और किसानों के कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान में मदद कर सकते हैं।
  - क्लाइमेट रेज़िलिएंट क्रॉप: बाजरे की फसल प्रतिकूल जलवायु, कीटों एवं बीमारियों के लिये अधिक प्रतिरोधी है, अत: यह बदलते वैश्विक जलवायु परिवर्तनों में भुखमरी से निपटने हेतु एक स्थायी खाद्य स्रोत साबित हो सकती है।
    - इसके अलावा बाजरा पानी या इनपुट-गहन फसल नहीं है यानी इस फसल की सिंचाई के लिये अधिक जल की आवश्यकता नहीं होती है जिस कारण यह जलवायु परिवर्तन एवं लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों के निर्माण के लिये एक स्थायी रणनीति बनाने में सहायक है। अत: कथन 1 सही है।
  - पोषण सुरक्षा: बाजरे में आहार युक्त फाइबर (Dietary Fibre) भरपूर मात्रा में विद्यमान होता है, इस पोषक अनाज (बाजरे) में लोहा, फोलेट (Folate), कैल्शियम, ज़स्ता, मैग्नीशियम, फास्फोरस, तांबा, विटामिन एवं एंटीऑक्सिडेंट सहित कई अन्य पोषक तत्त्व प्रचुर मात्रा में होते हैं।
    - ये पोषक तत्त्व न केवल बच्चों के स्वस्थ विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं, बल्कि वयस्कों में हृदय रोग और मधुमेह के जोखिम को कम करने में भी सहायक होते हैं
    - ग्लूटेन फ्री (Gluten Free) एवं ग्लाइसेमिक इंडेक्स (Glycemic Index) की कमी से युक्त बाजरा डायबिटिक/मधुमेह के पीड़ित व्यक्तियों के लिये एक उचित खाद्य पदार्थ है, साथ ही यह हृदय संबंधी बीमारियों और पोषण संबंधी दिमागी बीमारियों से निपटने में मदद कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

56:उत्तर: A

व्याख्या:

- फूड फोर्टिफिकेशन या फूड एनरिचमेंट का आशय चावल, दूध और नमक जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों में प्रमुख विटामिन्स और खनिजों (जैसे आयरन, आयोडीन, जिंक, विटामिन A और D) को शामिल करने की प्रक्रिया से है, ताकि पोषण सामग्री में सुधार लाया जा सके। अत: कथन 1 सही है।
  - प्रसंस्करण से पहले ये पोषक तत्त्व मूल रूप से भोजन में मौजूद हो भी सकते हैं और नहीं भी।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री ने राज्यसभा में सूचित किया है कि सरकार ने कुल 174.64 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ वर्ष 2019-20 में शुरू होने वाले 3 वर्ष की अवधि के लिये "सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल का फोर्टिफिकेशन और इसके वितरण" (Fortification of Rice & its Distribution under Public Distribution System) पर केंद्र प्रायोजित पायलट योजना को मंज़ूरी प्रदान की है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- योजना का उद्देश्य:
  - सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से देश के 15 ज़िलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण करना, इसके तहत कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में प्रति राज्य एक ज़िले का चयन किया जाएगा।
  - फोर्टिफाइड चावल के वितरण हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चयनित ज़िलों में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' के लाभार्थियों को कवर करना। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और 'खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग' के बीच क्रॉस लर्निंग व सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की सुविधा।
  - विभिन्न आयु एवं लिंग समूहों में लक्षित सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी को कम करने के लिये लक्षित आबादी हेतु फोर्टिफाइड चावल के प्रावधान, कवरेज और उपयोग के साथ-साथ फोर्टिफाइड चावल की खपत की दक्षता/प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना।

57. उत्तर: C

व्याख्या:

- 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' (Food Safety and Standards Authority of India-FSSAI) द्वारा अक्तूबर 2016 में 'खाद्य सुरक्षा और मानक' (खाद्य पदार्थों का फोर्टिफिकेशन) विनियम' {Food Safety and Standards (Fortification of Foods) Regulations}, 2016 के तहत गेहूँ का आटा और चावल (आयरन, विटामिन बी- 12 और फोलिक एसिड के साथ), दूध और खाद्य तेल (विटामिन ए और डी के साथ), डबल फोर्टिफाइड सॉल्ट (आयोडिन और आयरन के साथ) के वितरण को मंज़ूरी दी गई थी। अत: विकल्प C सही है।

58. उत्तर: C

व्याख्या:

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक:

- IIP एक संकेतक है जो एक निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन को मापता है।
- इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक समग्र संकेतक है जो निम्नलिखित वर्गीकृत उद्योग समूहों की विकास दर को मापता है:
  - व्यापक क्षेत्र, अर्थात् खनन, विनिर्माण और बिजली।
  - उपयोग-आधारित क्षेत्र अर्थात् मूल सामान, पूंजीगत वस्तुएँ और मध्यवर्ती वस्तुएँ। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है।
- इसका उपयोग नीति-निर्माण उद्देश्यों के लिये वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक आदि सहित सरकारी एजेंसियों द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - त्रैमासिक और अग्रिम सकल घरेलू उत्पाद अनुमानों की गणना के लिये IIP अत्यंत प्रासंगिक बना हुआ है।

नोट :

59: उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने लंबे समय से प्रतीक्षित अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति की घोषणा की है। यह दस्तावेज़ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने हेतु सामूहिक क्षमता के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।
    - इस दस्तावेज़ के तहत चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों, अमेरिकी संबंधों को आगे बढ़ाने, भारत के साथ 'प्रमुख रक्षा साझेदारी' विकसित करने और इस क्षेत्र में एक सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की भूमिका का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
    - इस रणनीति के तहत न केवल क्षेत्र से बल्कि बाहर के अन्य देशों के साथ भी मिलकर काम करने पर ज़ोर दिया गया।
- इंडो-पैसिफिक का विज़न: अमेरिका एक ऐसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के निर्माण पर ज़ोर दे रहा है, जो स्वतंत्र, मुक्त, संबद्ध, समृद्ध, सुरक्षित एवं लचीला हो।
    - स्वतंत्र एवं मुक्त: इसके तहत नागरिक समाज, स्वतंत्र प्रेस और लोकतांत्रिक संस्थानों के निर्माण में निवेश किया जाना शामिल है। अत: कथन 1 सही है।
    - संपर्क: हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भीतर और बाहर।
        - अमेरिका का कहना है कि वह "लचीले समूहों में" प्रमुख मुद्दों से निपटने के लिये "विशेष रूप से क्वाड के माध्यम से" कार्य करेगा।
        - यह अपने (पाँच) क्षेत्रीय संधि गठबंधनों को भी मज़बूत करेगा और आसियान, यूरोपीय संघ (ईयू) तथा नाटो जैसे समूहों के साथ कार्य करेगा।
        - हाल ही में हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएसए के बीच एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी 'ऑकस' (AUKUS) की घोषणा की गई है।
    - समृद्धि: इस क्षेत्र में अपने समृद्धि लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिये अमेरिका की रणनीति में सुरक्षित आपूर्ति शृंखला स्थापित करने और स्वच्छ ऊर्जा में निवेश करने में मदद हेतु उच्च श्रम एवं पर्यावरण मानकों की मांग शामिल है।
    - सुरक्षा: अमेरिका ने घोषणा की है कि इस क्षेत्र के लिये "एकीकृत निवारण" अमेरिकी सुरक्षा योजना की "आधारशिला" बनेगा।
        - यह "ऐसी पहल करेगा जिससे प्रतिरोध और जवाबी दबाव को मज़बूती मिलेगी जैसे कि क्षेत्रीय सीमाओं को बदलने या समुद्र में संप्रभु राष्ट्रों के अधिकारों को कमज़ोर करने के प्रयासों का विरोध करना।"
    - लचीलापन: हिंद-प्रशांत क्षेत्र प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करता है।
        - दक्षिण एशिया के हिमनद पिघल रहे हैं और प्रशांत द्वीप समूह समुद्र के जल स्तर में वृद्धि के कारण अपने अस्तित्त्व के लिये संघर्ष कर रहे हैं, इसलिये जलवायु परिवर्तन का मुद्दा और भी गंभीर होता जा रहा है।
        - इसके अलावा इंडो-पैसिफिक सरकारें प्राकृतिक आपदाओं, संसाधनों की कमी, आंतरिक संघर्ष और शासन की चुनौतियों से जूझ रही हैं।
        - इस संदर्भ में अमेरिका 21वीं सदी के अंतर्राष्ट्रीय खतरों को कम करने की परिकल्पना करता है, जिसमें निम्नलिखित मुद्दे शामिल हैं:
- वर्ष 2030 और वर्ष 2050 के लक्ष्यों के अनुरूप वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने, रणनीतियों, योजनाओं और नीतियों को विकसित करने हेतु सहयोगियों एवं भागीदारों के साथ कार्य करना।
- जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण के प्रभावों के प्रति क्षेत्रीय संवेदनशीलता को कम करना।

60. उत्तर: C

व्याख्या:

महाराजा सूरजमल:

- उन्होंने 18वीं शताब्दी में शासन किया तथा वह जाट सरदार बदन सिंह के पुत्र थे।
- वह एक महान नेता, महान सेनानी, महान राजनयिक और अपने समय के एक महान राजनेता थे।
- उनकी राजनीतिक समझ, स्थिर बुद्धि और स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण उन्हें "जाट लोगों का प्लेटो" तथा एक आधुनिक लेखक द्वारा "जाट ओडीसियस" के रूप में वर्णित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- उन्होंने हिंदू और मुसलमानों के विभिन्न गुटों को एकजुट किया तथा उनमें एकता स्थापित की।
- उन्होंने अन्य धर्मों के राजाओं द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल की और लोगों को योग्यता के अनुसार उच्च पदों पर नियुक्त किया, चाहे उनकी जाति कुछ भी हो।
- उनका मानना था कि मानवता ही मनुष्य का एकमात्र धर्म है।
- उन्होंने "एक राष्ट्र के रूप में भारत" की कल्पना की और राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया।
- महाराजा सूरजमल किसानों को समाज का सबसे महत्त्वपूर्ण वर्ग मानते थे और उनका बहुत सम्मान करते थे।
- पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 में मराठों और अफगान जनरल अहमद शाह अब्दाली की सेनाओं के बीच लड़ी गई थी।
- दिल्ली से लगभग 90 किलोमीटर उत्तर में लड़ी गई इस लड़ाई में अफगानों ने जीत हासिल की और मराठों के लगभग 40,000 सैनिक मारे गए।
  - महाराजा सूरजमल ने इस युद्ध में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। अत: कथन 2 सही है।

61.उत्तर: C

व्याख्या:

मिशन इंद्रधनुष:

- इसके तहत 89 लाख से अधिक बच्चों को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है जिनका UIP के तहत आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ है या जो टीकाकरण से छूट गए हैं।
- मिशन इंद्रधनुष में 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ के खिलाफ टीकाकरण शामिल है जिनमें डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टेटनस, पोलियो, क्षय, हेपेटाइटिस-बी, मैनिन्जाइटिस, निमोनिया, हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी संक्रमण, जापानी एनसेफेलाइटिस, रोटावायरस वैक्सीन, न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन और खसरा-रूबेला शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - जापानी एनसेफेलाइटिस और हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी के खिलाफ टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन देश के चुनिंदा ज़िलों में किया जा रहा है।
- मिशन इंद्रधनुष को भी ग्राम स्वराज अभियान और विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रमुख योजनाओं में से एक के रूप में पहचाना गया था। अत: कथन 2 सही है।

62.उत्तर: D

व्याख्या:

मेदराम जात्रा:

- कुंभ मेले के बाद मेदराम जात्रा भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है। अत: कथन 1 सही है।
- यह तेलंगाना के दूसरे सबसे बड़े जनजातीय समुदाय- कोया जनजाति द्वारा चार दिनों तक मनाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- मेदराम जात्रा को 'सम्मक्का सरलम्मा जात्रा' के नाम से भी जाना जाता है।
- यह एक आदिवासी त्योहार है जो एक अन्यायपूर्ण कानून के खिलाफ शासकों के विरुद्ध एक माँ और बेटी, सम्मक्का व सरलम्मा की लड़ाई का प्रतीक है।
- यह तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है। यह वारंगल ज़िले के तड़वई मंडल के मेदराम गाँव से प्रारंभ होता है।
  - मेदराम एतुर्नगरम वन्यजीव अभयारण्य में एक दूरस्थ स्थान है, जो दंडकारण्य का एक हिस्सा है, यह इस क्षेत्र का सबसे बड़ा जीवित वन क्षेत्र है।
- यह दो साल में एक बार "माघ" (फरवरी) के महीने में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।
- लोग अपने वज़न के बराबर मात्रा में देवी-देवताओं को बंगारम/बेल्लम (गुड़) चढ़ाते हैं और गोदावरी नदी की सहायक नदी जम्पन्ना वागु में पवित्र स्नान करते हैं।
- इसे वर्ष1996 में एक राज्य महोत्सव घोषित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

63.उत्तर: C

व्याख्या:

- अगस्त 2021 में सरकार द्वारा खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता के लिये 'खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन'- ऑयल पाम (NMEO-OP) योजना की घोषणा की है और इसमें 11,000 करोड़ रुपए (पाँच साल की अवधि में) से अधिक का निवेश शामिल है।
  - NMEO-OP एक नई केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही है।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, देश में खाद्य तेलों की कुल घरेलू मांग लगभग 250 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है।
  - देश में खपत होने वाले खाद्य तेलों का लगभग 60% आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है। पाम तेल (कच्चा + परिष्कृत) का आयात कुल खाद्य तेल के आयात का लगभग 60% है, जिसमें से 54% इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

64. उत्तर: D

व्याख्या:

- लस्सा बुखार पैदा करने वाला वायरस पश्चिम अफ्रीका में पाया जाता है और पहली बार इसे वर्ष 1969 में नाइजीरिया के लासा में खोजा गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - यह बुखार चूहों द्वारा फैलता है तथा मुख्य रूप से सिएरा लियोन, लाइबेरिया, गिनी और नाइजीरिया सहित पश्चिम अफ्रीका के देशों में पाया जाता है जहाँ यह (लस्सा बुखार) स्थानिक है।
  - मेटोमिस (Matomys) चूहों में घातक लस्सा वायरस फैलाने की क्षमता होती है।
- इस बीमारी से जुड़ी मृत्यु दर कम (लगभग 1%) है। लेकिन कुछ व्यक्तियों में मृत्यु दर अधिक होती है, जैसे कि गर्भवती महिलाओं में अंतिम तीन महीनों के दौरान। अत: कथन 2 सही है।
  - यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज़ प्रिवेंशन एंड कंट्रोल के अनुसार, लगभग 80% मामले स्पर्शोन्मुख हैं और इसलिये इनका निदान नहीं किया जाता है।
- लक्षण:
  - इसके सामान्य लक्षणों में हल्का बुखार, थकान, कमज़ोरी और सिरदर्द शामिल हैं।
  - गंभीर लक्षणों में रक्तस्राव, साँस लेने में कठिनाई, उल्टी, चेहरे की सूजन और छाती, पीठ एवं पेट में दर्द आदि शामिल हैं।
  - लक्षणों की शुरुआत के दो सप्ताह में रोगी की मृत्यु हो सकती है, आमतौर पर बहु-अंग विफलता के परिणामस्वरूप।
- उपचार:
  - एंटीवायरल दवा 'रिबाविरिन' (Ribavirin) लस्सा बुखार के लिये एक प्रभावी उपचार प्रतीत होता है, लेकिन बीमारी होने पर इसे तुरंत दिया जाना चाहिये। अत: कथन 3 सही है।

65:उत्तर: B

व्याख्या:

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह:

- पृथ्वी अवलोकन उपग्रह, रिमोट सेंसिंग तकनीक से लैस उपग्रह होते हैं, जो पृथ्वी की भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रणालियों के बारे में जानकारी संग्रह करते हैं।
- कई पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों को 'सन-सिंक्रोनस' ऑर्बिट में तैनात किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसरो द्वारा लॉन्च किये गए अन्य पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों में रिसोर्ससैट-2, 2A, कार्टोसैट-1, 2, 2A, 2B, रिसैट-1 और 2, ओशनसैट-2, मेघा-ट्रॉपिक्स, सरल और स्कैटसैट-1, इन्सैट-3DR, 3D शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।

नोट :